विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 33 |
| आर्द्रता | 88% |
| सूर्योदय: 5:27 | सूर्यास्त: 17:26 |


सतवां नवरात्र : माँ कालरात्रि

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** अपना और कौन पराया, यह तो सिर्फ वक्त का चश्मा ही दिखाता है।


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

**समाज्ञा हिन्दी दैनिक**
**कॉर्पोरेट आफिस :**
230, चित्तरंजन एवेन्यू,
3सरा तल्ला
कोलकाता–700 006

## छुट्टी की सूचना

समाज्ञा द्वारा अपने पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभेच्छुओं को दुर्गापूजा एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं। इस पावन पर्व के उपलक्ष्य पर समाज्ञा कार्यालय में 29 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 4 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा।

–सम्पादक


66 पल्ली क्लब, कालीघाट

# भारत का 'ऑपरेशन एशिया कप' सक्सेसफुल

- पाकिस्तान ने फिर चाटी धूल, 9वीं बार बने चैंम्पियन
- पीएम मोदी बोले– खेल के मैंदान पर भी 'ऑपरेशन सिंदूर'




**दुबई :** भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारतीय टीम ने 2023 में वनडे प्रारूप के बाद 2025 में टी20 प्रारूप का एशिया कप जीत लिया है। भारत के लिए तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक टिके रहकर टीम को अभूतपूर्व जीत दिलाई। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ने कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाकिस्तान की पारी 19.1 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए तिलक ने 53 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए जीत का चौका रिंकू सिंह ने लगाया। रिंकू के चौका लगाते ही ड्रेसिंग रूम में भारतीय सदस्य और मैदान पर दर्शक खुशी से झूम उठे। मुख्य कोच गौतम गंभीर भी अपना जोश नियंत्रण में नहीं रख सके। जूझारू पारी खेलने वाले तिलक ने खुशी में बल्ला लहराया और पाकिस्तान के खिलाड़ी एक बार फिर मुंह लटका कर खड़े रहे। पृष्ठ 8


## सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए प्रयासरत: मोदी

**नयी दिल्ली/पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए प्रयासरत है और ऐसा होने पर दुनिया के कोने–कोने में लोग इस त्योहार की भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर पाएंगे। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि कुछ समय पहले सरकार के इसी तरह के प्रयासों के कारण कोलकाता की दुर्गा पूजा भी यूनेस्को की सूची का हिस्सा बनी। उन्होंने कहा, ''हमारे पर्व, त्योहार भारत की संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं। छठ पूजा ऐसा एक पावन पर्व है जो दिवाली के बाद आता है। सूर्य देव को समर्पित यह महापर्व बहुत ही विशेष है। इसमें हम डूबते (अस्ताचलगामी) सूर्य को भी अर्घ्य देते हैं, उनकी आराधना करते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''छठ ना सिर्फ देश के अलग–अलग हिस्सों में मनाया जाता है, बल्कि दुनिया भर में इसकी छटा देखने को मिलती है। अब यह एक वैश्विक त्योहार बन रहा है।''

## ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में कुछ क्रिकेटरों और अभिनेता–अभिनेत्रियों की संपत्ति कुर्क कर सकती है ईडी

**नयी दिल्ली :** ईडी जल्द ही एक ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में पीएमएलए के तहत कुछ खिलाड़ियों और अभिनेताओं की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि 'वनदबेट' पोर्टल से जुड़े मामले की जांच में पाया गया है कि इनमें से कुछ हस्तियों ने उन्हें दिए गए विज्ञापन शुल्क का इस्तेमाल कई तरह की संपत्तियां हासिल करने में किया और ये पीएमएलए के तहत ''अपराध से अर्जित आय'' मानी जाती हैं। संघीय जांच एजेंसी जल्द ही इन चल और अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत एक अनंतिम कुर्की आदेश जारी करेगी, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में स्थित कुछ संपत्तियां भी शामिल हैं। इन संपत्तियों का परिमाणीकरण (क्वांटिफिकेशन) और मूल्यांकन अभी जारी है। सूत्रों ने बताया कि धनशोधन से अर्जित संपत्तियों को अपराध की आय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उन्हें इसलिए कुर्क किया जाता है। उन्होंने बताया कि कुर्की आदेश जारी करने के बाद इसे पीएमएलए के तहत संबंधित प्राधिकरण को पुष्टि के लिए भेजा जाएगा और मंजूरी मिलने पर इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए अदालत में आरोप–पत्र दायर किया जाएगा।






## ट्रंप के फैसले से दवा निर्माता असमंजस में

भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से लंबित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिये नए सिरे से जारी बातचीत के बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फार्मा उत्पादों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने ब्रांडेड और पेटेंटेड दवा उत्पादों पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है, बशर्ते कि दवा निर्माता कंपनियां अमेरिका में उत्पादन सुविधाएं स्थापित न करें। आशंका है कि ट्रंप के इस कदम का प्रभाव भारत के फार्मा उद्योग पर पड़ सकता है, जिसने देश को 'दुनिया की फार्मेसी' के रूप में स्थापित किया है। दुनिया भर से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले तीस अरब डॉलर के फार्मा उत्पादों में से दस अरब डॉलर से अधिक का निर्यात भारत से होता है। भारत मुख्य रूप से अमेरिका को कम लागत वाली जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। यह अच्छी बात है कि ये जेनेरिक दवाइयां नई टैरिफ व्यवस्था के दायरे में नहीं आती हैं। हालांकि, अभी तक सक्रिय दवा सामग्री यानी एप-ीआई पर कोई स्पष्टता नहीं है। वैसे भारत से भारतीय ब्राडेंड दवाइयों का भी निर्यात होता है। व्यापार अनुसंधान एजेंसी ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के अनुसार फॉर्मास्युटिकल क्षेत्र में भारत सबसे बड़ा निर्यातक है, लेकिन ये अधिकांशत: गैर-ब्रांडेड दवाइयां हैं। वैसे अमेरिका द्वारा भारतीय आयात पर पचास फीसदी टैरिफ लगाने पर भी आशंका जताई गई थी कि इससे जेनेरिक व ब्रांडेड दवाएं महंगी हो सकती हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में भारत की फार्मा कंपनियों की आय का बड़ा जरिया होने के कारण ये काफी कम मार्जिन पर काम करती हैं। ऐसे में यदि उन पर टैरिफ लगता है, तो उनका वहां कारोबार करना कठिन हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के दवा बाजार में बड़े ब्रांड वाली दवाइयों के सस्ते प्रारूप वाली जेनेरिक दवाइयों का आधे से अधिक हिस्से पर अधिकार है, जिससे अमेरिका की स्वास्थ्य सेवा लागत में अरबों रुपये की बचत होती है। एक अनुमान के अनुसार, यह बचत एक साल में दो सौ डॉलर से अधिक की होती है।

आशंका जतायी जा रही है कि यदि भारत व अमेरिका में व्यापार समझौता नहीं होता तो भी टैरिफ के कारण कुछ भारतीय जेनेरिक दवा कंपनियों को बाजार से बाहर होना पड़ सकता है। लेकिन यह स्थिति अमेरिका के लिये भी संकट बढ़ा सकती है। भारतीय जेनेरिक दवा कंपनियों की अनुपस्थिति में अमेरिका में पहले ही दवाओं की कमी का संकट और गहरा सकता है। लेकिन ट्रंप के फार्मा उद्योग पर सौ फीसदी टैरिफ लगाए जाने से भारतीय दवा उद्योग में निराशा जरूर व्याप्त हुई है। देश के बड़े दवा शेयरों में अचानक आई गिरावट इसका ही नतीजा है। अब चाहे यह गिरावट अल्पकालिक हो, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि ट्रंप के अगले कदम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। दवा उद्योग को आशंका है कि ट्रंप आने वाले दिनों में जेनेरिक दवाओं पर भी टैरिफ लगा सकते हैं, जबकि अमेरिकी प्रशासन को पता है कि ऐसे किसी प्रतिबंध से वहां स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में इजाफा होगा। वहीं दूसरी ओर, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की इन दवाओं तक पहुंच सीमित हो जाएगी। निश्चित रूप से अमेरिका से चल रही बातचीत के दौरान भारत को इस मुद्दे को प्राथमिकता देनी चाहिए। हालांकि, अमेरिका को भी पता है कि ये निषेधात्मक टैरिफ खुद उसके लिये भी प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। साथ ही, अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं, जो पहले ही ट्रंप के विघटनकारी फैसलों का शिकार है। ऐसे में अमेरिका को सस्ती दवाओं को एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि आगामी समझौते में उसके दवा क्षेत्र के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित हों। इसके साथ ही भारत को अपनी दवाओं के लिये नये बाजार तलाशने चाहिए। साथ ही, प्रमुख भारतीय दवा कंपनियों को जटिल जेनेरिक दवाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो मुख्य रूप से ब्रांडेड श्रेणी में आती हैं। इससे दवा कंपनियों को उच्च मूल्य वाले बाजार में पहुंच बनाने में मदद मिल सकती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 सितम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष षष्ठी, 14:25 तक, नक्षत्र : मूल, 30:10 तक, योग : सौभाग्य, 24:56 तक, सूर्योदय: 5:27, सूर्यास्त: 17:26, चन्द्रोदय : 11:48, चन्द्रास्त: 22:25, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 06:59 से 08:28

## राशिफल

**मेष :** अगर आप अपने दिमाग का इस्तेमाल सकारात्मक सोचने में करेंगे तो आपको खुशी महसूस होगी। सुनिश्चित करें कि आप अपने स्कूल के काम पर ध्यान केंद्रित करें।

**वृष :** कभी-कभी आप आश्वस्त महसूस करेंगे, लेकिन मन चिंतित भी रहेगा। परिवार की समस्याओं से तनाव मिल सकता है। अपना ख्याल रखें और स्वास्थ्य पर ध्यान दें। खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन :** अकारण क्रोध और वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। किसी मित्र की मदद से अतिरिक्त आय का साधन मिलेगा। मानसिक शांति रहेगी, पर खर्च अधिक होंगे।

**कर्क :** संयम रखें और अनावश्यक क्रोध से बचें। शिक्षा में सफलता मिलेगी। नौकरी या कार्यस्थल में बदलाव संभव है। मानसिक चुनौतियाँ रहेंगी। धार्मिक कार्यों की ओर झुकाव रहेगा।

**सिंह :** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्य पूरे परिवार के साथ होंगे। कार्यक्षेत्र में चुनौतियाँ रहेंगी। जीवनसाथी के साथ स्वास्थ्य संबंधी परेशानी संभव है।

**कन्या :** आत्मविश्वास प्रबल रहेगा। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आमदनी बढ़ेगी। नौकरी या स्थान परिवर्तन संभव है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निवेश से लाभ होगा।

**तुला :** क्रोध की अधिकता रहेगी। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। मित्र की मदद से व्यवसाय में परिवर्तन संभव है। मेहनत का फल धन लाभ देगा। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक :** मन में आशा और निराशा दोनों रहेंगी। मधुर वाणी से लाभ होगा। मित्र की मदद से नए अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**धनु :** मन शांत और संतुष्ट रहेगा। परिवार में सामंजस्य रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं। खानपान में सावधानी रखें।

**मकर :** संगीत और कला की ओर आकर्षण रहेगा। धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। परिवार के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा संभव। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं।

**कुम्भ :** आत्मविश्वास प्रबल रहेगा। व्यापार में कठिनाई आएगी पर मेहनत से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बाधाएँ रहेंगी। दूर की यात्रा संभव है। लाभप्रद अवसर मिलेंगे।

**मीन :** शिक्षा में रुचि बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। पुराने मित्र से मुलाकात होगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। माता का सहयोग मिलेगा। संपत्ति से लाभ संभव है।

# महाभयानक शक्ति का स्रोत माता कालरात्रि



अशोक प्रवृद्ध

पौराणिक मान्यतानुसार इस जगत में धर्म की रक्षा, दैत्यों के विनाश और धरा के कल्याण के लिए ईश्वरीय इच्छा से उत्पन्न दैवीय परम शक्ति माता आदिशक्ति दुर्गा भवानी में अनेक देवी- देवताओं की शक्ति समाहित है। देवता सहित इस संसार के मानव का कल्याण करने वाली भगवती दुर्गा की सप्तम स्वरूप देवी कालरात्रि की उत्पत्ति नवरात्रि के सातवें दिन होती है। कालरात्रि अर्थात जो सबको मारने वाले काल की भी रात्रि है, अर्थात काल को भी समाप्त करने वाली है। उनके सम्मुख साक्षात काल भी नहीं ठहर सकता है। काल की विनाशिका होने से ही उनका कालरात्रि नाम पड़ा। काल का अर्थ समय से है, और समय को भी काल के रूप में जाना जाता है। जिसका अर्थ मृत्यु से है। काल जो, सभी को एक दिन मार देता है। उससे भी महाभयानक शक्ति का स्रोत माता कालरात्रि हैं, जिनसे साक्षात काल भी नहीं बच सकता है। वही माता कालरात्रि अर्थात काली इस संसार की रक्षा करती है। अपने श्रद्धालु भक्तों को भूत, प्रेत, राक्षस, बाधा, डर, दुःख, दरिद्रता, रोग, पीड़ाओं से बचाकर भक्त को अभय प्रदान करती हैं। जिससे भक्त को सुख समृद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा के इस सातवें रूप को कालरात्रि के नाम से जाना जाता है।

पौराणिक मान्यतानुसार माता कालरात्रि की संपूर्ण शरीर एक अंधकार की भांति होने के कारण शरीर काला रंग का होता है। सिर के बाल सदैव ही खुले रहते हैं तथा गले में विद्युत की भांति चमकने वाली माला होती है। काल का नाश करने वाली देवी होने के कारण ही इन्हें कालरात्रि के नाम से संज्ञायित किया गया है। इनके तीन नेत्र हैं और तीनों ही नेत्र ब्रह्मांड के समान गोल हैं, जिनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं। सर्वत्र विराजमान, बारम्बार नमनीय और कालरात्रि के रूप में प्रसिद्ध अम्बे की नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएं निकलती रहती हैं। इनका वाहन गर्दभ अर्थात गदहा है। अपनी

सतवां नवरात्र : माँ कालरात्रि



आठवां नवरात्र : माँ महागौरी



नौवां नवरात्र : माँ सिद्धिरात्री



ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभयमुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का काँटा तथा नीचे वाले हाथ में खडग अर्थात कटार है। देखने में अत्यंत भयानक स्वरूप वाली माता कालरात्रि सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकारी भी कहा गया है। इसीलिए माता कालरात्रि से भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है।

पौराणिक मान्यतानुसार माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि की पूजा -अर्चना दुर्गा पूजा के सातवें दिन किये जाने की प्राचीन परिपाटी है। इस दिन भक्तों का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहने के करण उनके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से देवी काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यु, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री और धुमोरना देवी कालरात्रि के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं। उल्लेखनीय है कि नाम, काली और कालरात्रि का उपयोग एक दूसरे के परिपूरक के रूप में होता है, फिर भी इन दो देवियों को कतिपय विद्वानों के द्वारा पृथक- पृथक सता के रूप में माना जाता है। विद्वानों के अनुसार भारतीय प्राचीन ग्रन्थों में काली के उल्लेख के पूर्व से ही कालरात्रि का उल्लेख होने का प्रमाण उपलब्ध है। पुराणों में प्रथम बार काली नाम से संज्ञायित देवी का नामोल्लेख महाभारत में कालरात्रि देवी के रूप में हुआ है। विद्वानों के अनुसार दोनों एक ही देवी का वर्णन है।

भक्तों का कल्याण करने वाली माता कालरात्रि के विषय में पुराणों में अनेक कथाएं प्राप्य हैं। जिसमें सबसे प्रमाणिक दुर्गा सप्तशती को माना जाता है। इसके अतिरिक्त देवी भागवत तथा अन्य पुराणों में भी माता की कथा व महिमा के अंश प्राप्त होते हैं। कई पुराणों में कालरात्रि को काली का ही रूप माना जाता है। शिल्प प्रकाश में संदर्भित एक प्राचीन तांत्रिक पाठ, सौधिकागम में देवी कालरात्रि का वर्णन रात्रि के नियंत्रा रूप में किया गया है। सहस्रार चक्र में स्थित भक्तों का मन पूर्णतः माँ कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। उनके साक्षात्कार से मिलने वाले पुण्य, सिद्धियों और निधियों विशेष रूप से ज्ञान, शक्ति और धन का वह भागी हो जाता है, उसके समस्त पापों-विघ्नों का नाश हो जाता है और उसे अक्षय पुण्य-लोकों की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के सप्तम दिन साधक को अपना चित्त भानु चक्र अर्थात मध्य ललाट में स्थिर कर साधना करनी चाहिए। संसार में कालों का नाश करने वाली देवी कालरात्रि भक्तों की सभी दु:ख, संताप हर लेती हैं, दुश्मनों का नाश करती हैं तथा मनोवांछित फल प्रदान कर उपासक को संतुष्ट करती हैं। दुर्गा सप्तशती के प्रधानिक रहस्य के अनुसार जब देवी ने इस सृष्टि का निर्माण शुरू किया और ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का प्रकटीकरण हुआ उससे पहले देवी ने अपने स्वरूप से तीन महादेवियों को उत्पन्न किया। सर्वेश्वरी महालक्ष्मी ने ब्रह्माण्ड को अंधकारमय और तामसी गुणों से भरा हुआ देखकर सबसे पहले तमसी रूप में जिस देवी को उत्पन्न किया वह देवी ही कालरात्रि हैं। देवी कालरात्रि ही अपने गुण और कर्मों द्वारा महामाया, महामारी, महाकाली, क्षुधा, तृषा, निद्रा, तृष्णा, एकवीरा, एवं दुरत्यया कहलाती हैं। मान्यता है कि देवी के इस रूप में सभी राक्षस,भूत, प्रेत, पिशाच और नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं। दुष्टों का विनाश करने वाली माता कालरात्रि के स्मरण मात्र से ही दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि भयभीत होकर भाग जाते हैं। ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली कालरात्रि के भक्तों- उपासकों को अग्नि-भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। इनकी कृपा से वह सर्वथा भयमुक्त हो जाता है। यही कारण है कि माता कालरात्रि के स्वरूप-विग्रह को अपने हृदय में अवस्थित करके तन मन, वचन की शुद्धता, पवित्रता का ध्यान रख यम, नियम, संयम का पूर्णतः पालन करते हुए मनुष्य को एकनिष्ठ भाव से उपासना करने का विधान है। भक्तों को निरंतर उनका स्मरण, ध्यान और पूजा -ॐ ऐं ह्रीं क्रीं कालरात्रै नमः-मंत्र का निरंतर उच्चारण करते हुए करना चाहिए।

मान्यता है कि कालरात्रि की पूजा-अर्चना करने से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है व शत्रुओं का नाश होता है, तेज बढ़ता है। माता जगदम्बे की भक्ति के लिए नवरात्रि में सातवें दिन निम्न मंत्र का जाप उतम माना गया है-

*एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता ।*  
*लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।*  
*वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा ।*  
*वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयन्करि।।*

देवी सप्तशती के अनुसार मधु कैटभ नामक महापराक्रमी असुर से जीवन की रक्षा हेतु भगवान विष्णु को निंद्रा से जगाने के लिए ब्रह्मा ने निम्न मंत्र से माता की स्तुति की थी-

*कालरात्रिमर्हारात्रिर्मोहरात्रिश्र्च दारूणा।*  
*त्वं श्रीस्त्वमीश्र्वरी त्वं ह्रीस्त्वं बुद्धिर्बोधलक्षणा।।*

पुराणों व शाक्त निबन्ध ग्रंथों के अनुसार यह देवी काल रात्रि ही महामाया हैं और भगवान विष्णु की योगनिद्रा हैं। इन्होंने ही सृष्टि को एक दूसरे से जोड़ रखा है। देवी काल रात्रि का वर्ण जल के समान काले रंग का है, जो अमावस्या की रात्रि से भी अधिक काला है। कालरात्रि के तीन बड़े बड़े उभरे हुए नेत्र हैं जिनसे माता अपने भक्तों पर अनुकम्पा की दृष्टि रखती हैं। देवी का यह रूप ऋद्धि -सिद्धि प्रदान करने वाला माना गया है। नवरात्रि का सातवां दिन तांत्रिक क्रिया की साधना करने वाले भक्तों के लिए अति महत्वपूर्ण होता है । सप्तमी पूजा के दिन तंत्र साधना करने वाले साधक मध्य रात्रि में देवी की तांत्रिक विधि से पूजा करते हैं। इस दिन माता की आंखें खुलती हैं। षष्ठी पूजा के दिन आमंत्रित किये गए विल्व को आज तोड़कर लाया जाता है, और उससे माता की आँखें बनती हैं। नवरात्रि में सप्तमी तिथि के दिन से भक्त जनों के लिए भगवती दुर्गा का दरवाज़ा खुल जाता है और भक्तगण पूजा स्थलों पर देवी के दर्शन हेतु पूजा स्थल पर जुटने लगते हैं। सप्तमी की पूजा सुबह में अन्य दिनों की भांति ही होती है, परंतु रात्रि काल में विशेष विधि -विधान के साथ देवी की पूजा किये जाने का विधान है। इस दिन अनेक प्रकार के मिष्टान एवं कहीं -कहीं तांत्रिक विधि से पूजा होने पर मदिरा भी देवी को अर्पित की जाती है। सप्तमी की रात्रि सिद्धियों की रात भी कही जाती है। कुण्डलिनी जागरण हेतु साधनारत्त भक्त इस दिन सहस्त्रसार चक्र का भेदन करते हैं। इनकी अराधना के लिए शास्त्रों में वर्णित विधि के अनुसार पहले कलश की पूजा कर नवग्रह, दश दिक्पाल, देवी के परिवार में उपस्थित देवी - देवता की पूजा करनी चाहिए। तत्पश्चात मां कालरात्रि की पूजा करनी चाहिए। देवी कालरात्रि की पूजा से पहले उनका ध्यान- *देव्या यया ततमिदं जगदात्मशक्तया, निश्शेषदेवगणशक्ति समूहमूर्त्या तामम्बिकामखिलदेवमहर्षिपूज्यां, भक्त नता: स्म विदाधातु शुभानि सा नः।* मंत्र से करना चाहिए।

# 22 साल में 22 भगदड़ : नहीं सीखा कोई सबक



बाल मुकुन्द ओझा

लाख कोशिशों के बावजूद हमने भगदड़ पर नियंत्रण के कोई उपाय नहीं खोजे और न ही कोई सबक सीखा है। भगदड़ की घटनाओं पर कई बार जाँच आयोग बैठे मगर कोई प्रभावी निष्कर्ष अभी तक सामने नहीं आया। आज हम एकबार फिर तमिलनाडु में घटित भगदड़ की बात कर रहे है। तमिलनाडु के करूर में शनिवार को अभिनेता-राजनेता विजय की रैली के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें महिलाओं और बच्चों सहित कुल 40 लोगों की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब विजय को सुनने के लिए भारी संख्या में भीड़ जमा हुई थी। भीड़ बेकाबू होकर आगे बढ़ने लगी। दबाव बढ़ने पर कई लोग नीचे गिर गए और बेहोश हो गए। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम महासचिव के. पलानीस्वामी ने रविवार को दावा किया कि शनिवार को यहां टीवीके की राजनीतिक रैली में हुई भगदड़ पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा में हुई चूक का सबूत है। पलानीस्वामी ने कहा कि अगर पुलिस और राज्य सरकार ने पर्याप्त एहतियाती कदम उठाए होते तो ऐसी "त्रासदी" टाली जा सकती थी। इस हादसे में 40 बेकसूर लोगों की जान चली गई और 51 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस महानिदेशक जी वेंकटरामन ने बताया कि विजय को रैली स्थल तक पहुंचने



में देरी हुई, जिसके कारण भीड़ लगातार बढ़ती चली गई और यह हादसा हो गया। इससे पूर्व 4 जून को बेंगलुरु में ठउइ की विक्ट्री परेड से पहले मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल हो गए थे।

भगदड़ के इतिहास पर नज़र डालें तो पाएंगे हमने भगदड़ से कोई सबक नहीं सीखा। देश में 2003 से लेकर अब तक 22 भगदड़ के हादसों में 1500 से अधिक लोगों की जानें गई हैं। वर्ष 2025 में मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में 50 से अधिक लोगों की जान गई है। इससे पूर्व नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी 25 की रात में मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। 29 जनवरी को महाकुंभ के संगम क्षेत्र में भगदड़ में 30 लोग मारे गए और 60 घायल हो गए। पिछले साल दो जुलाई को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हुई थी जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। इसी भांति 3 मई 2025 को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान तड़के मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और करीब 100 लोग घायल हो गए। 8 जनवरी, 2025 को तिरुमाला हिल्स में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच हुई धक्का-मुक्की में कम से कम छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए।


आखिर भगदड़ क्यों होती है, इसपर विस्तृत विवेचन की जरुरत है। भगदड़ तब होती है जब किसी कारण विशेष से भीड़ अनियंत्रित होकर बेकाबू जाती है। इससे लोग घबरा जाते हैं और भागादौड़ी में एक दूसरे पर गिरने लगते हैं। इस प्रकार की भगदड़ अक्सर भीड़ नियंत्रण की कमी, अव्यवस्था और सुरक्षा के अभाव के कारण होती है। यह घटनाएं हमें बताती हैं कि बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन कितना महत्वपूर्ण है। बहुदा देखा जाता है भगदड़ की जाँच रिपोर्टों में लीपापोती ज्यादा की जाती है। जांच रिपोर्ट सामने आती हैं तो प्रशासनिक गलती सामने आती है। भारी और अनअपेक्षित भीड़ का जुटना, नाकाफी इंतजाम, कम जगह में ज्यादा लोगों का समाना आदि का दोष ठहराया जाता है। जांच रिपोर्ट में कहा जाता है कि जब भगदड़ मची तो लोग एक दूसरे पर गिरने लगे, लोग एक दूसरे को कुचलते हुए आगे बढ़ते गए। कई बार तो यह भी कहा गया कि अफरातफरी के बीच लोगों की मौत दम घुटने को लेकर हुई। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादातर फेलियर क्राउड मैनेजमेंट को काबू में नहीं कर पाने से होता है। कितनी भीड़ आएगी, स्थान विशेष पर कितना लोगों का दबाव होगा इसकी सटीक जानकारी और बेहतर इंतजाम हो तो हादसे को कंट्रोल किया जा सकता है। कई तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भीड़ काबू में की जा सकती है। कई बार आयोजक यह पत्ता नहीं कर पाते है की उन्हें कितनी भीड़ का सामना करना पड़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार इन हादसों को रोका जा सकता है, अगर क्राउड मैनेजमेंट को कंट्रोल कर लें। भीड़ को दबाव को लाइन में लगाकर कम कर लें। भगदड़ की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग का इंतजाम रखें और वीवीआईपी मेहमानों के लिए सही तरीके से आगमन का इंतजाम रखें। बैरिकेड लगाकर, स्नेक लाइन एप्रोच बनाकर भीड़ को काबू में किया जा सकता है। ये वो तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भगदड़ के प्रभाव को न्यूट्रल किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से नवाजे गए सोनू निगम



**इंदौर :** मध्यप्रदेश सरकार ने सुगम संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मशहूर पार्श्व गायक सोनू निगम को इंदौर में रविवार को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से नवाजा। मंगेशकर की 96वीं जयंती पर उनकी जन्मस्थली में निगम को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यह सम्मान प्रदान किया। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री यादव ने मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा,भारत रत्न लता मंगेशकर ने अपने स्वर से भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनके नाम पर दिया जाने वाला यह सम्मान अद्वितीय है। यह उन कलाकारों के योगदान को नमन है जिन्होंने गीत-संगीत के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निगम को लता मंगेशकर अलंकरण से सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रही है। इस अवसर पर अपने सम्मान के प्रत्युत्तर में निगम ने भावुक स्वर में कहा,लता जी हमारे लिए केवल प्रेरणा नहीं, बल्कि संगीत की जीती-जागती परंपरा रही हैं। इस सम्मान को पाकर मैं स्वयं को धन्य महसूस कर रहा हूँ। यह क्षण मेरे जीवन के सबसे खास पलों में से एक है।

## वर्ग पहेली नं. 3222



*ऊपर से नीचे:-* 1) सुविख्यात, 2) लोचन, 3) उद्देश्य, 4) प्रारब्ध, 5) कर्तव्य, 7) जुदा, 9) रसीला, 10) आकार, 12) घंटा बजने का शब्द, 13) रात्र, 14) त्रुटि; दोष, 15) अमल करना, 20) शस्त्र, 22) सुंदर स्त्री, 23) घाटा; हानि, 25) आक छीं, 27) निम्न; कम ऊँचा. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) दुर्योधन का वास्तविक नाम, 3) दिनारंभ, 6) जैसा उचित हो, 7) प्रार्थनापत्र, 8) टिठुरन, 10) शक्ति, 11) कृष्ण, 14) भारत में एक शहर, 16) नूतन, 17) ध्यान, 18) आठ फर्लांग की दूरी, 19) वृक्ष की डाली, 21) फनस, 24) दो मील का नाप, 25) बूँद, 26) अर्थात, 28) सृजनशील; सकारात्मक, 29) कागज़ का टुकड़ा.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | क | ट | ■ | अ | के | ले | ■ | तै | श |
| क | ■ | प्प | ■ | ग | ■ | न | ■ | या | क |
| ल | ह | र | दा | र | ■ | दे | ह | री | ■ |
| ■ | रि | ■ | य | ■ | त | न | या | ■ | आ |
| ■ | या | च | क | | न | ■ | त | म | गा |
| मृ | णा | ल | ■ | ज | हा | न | ■ | ■ | पी |
| दु | ■ | न | र | मा | ई | ■ | ब | र | छा |
| ता | ना | ■ | सि | ■ | ■ | त | ला | श | ■ |
| ■ | च | म | क | द | म | क | ■ | ना | ते |

## सुडोकू-पहेली-3179

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | |
| | | 9 | | 1 | 6 | | | |
| | 3 | 8 | 2 | | | | | |
| | 8 | | | 9 | | | | 3 |
| | | | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | 8 | | 4 | | |
| | | 7 | 1 | | | | 9 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

सूडोकू पहेली - 3178 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 4 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 6 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 4 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 | 1 | 8 | 3 |


तारचंद दत्ता स्ट्रीट

# पूजा मंडपों में उमड़ा दर्शनार्थियों का जनसैलाब

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्सव नगरी में तब्दील हो चुके महानगर कोलकाता में दुर्गोत्सव की धूम है और रास्ता-घाट से लेकर सड़क व पूजा मंडपों में लोगों का रेला उमड़ पड़ा है। दक्षिण कोलकाता हो या फिर मध्य या उत्तर कोलकाता सुबह 10 बजे से ही दर्शनार्थियों की भीड़ जमने लगी। आज दोपहर 12.15 बजे की बात करे तो चेतला अग्रणी के मंडप में जाने के लिए दर्शनार्थियों की भीड़ बेकाबू हो रही थी। वहीं भीड़ सड़कों पर भी उतर चुकी थी और पुलिस के कर्मी व अधिकारी व्यवस्था को संभालने में पसीने से तर बतर देखें गए। जैसे-जैसे समय का पहिया खिसकता रहा महानगर कोलकाता के नामचीन दुर्गा पूजा मंडपों में तो जैसे जन सैलाब उमड़ पड़ा। शाम को तो विभिन्न जगहों पर बीड़ बेकाबू होती दिखी। साफ कहें तो महाषष्ठी के दिन महानवमी का नजारा नजर आया। राज्य की सीएम ने ममता बनर्जी ने महाषष्ठी पर शुभकामनाएं प्रेषित की। दुर्गा पूजा घूमने वालों की भीड़ यूं तो तृतीया से ही सड़कों पर उमड़ने लगी है लेकिन महापंचमी की पर उमड़ी भीड़ ने पिछले कई सालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। लाखों दर्शनार्थियों की भीड़ सड़कों व किस्त दर किस्त विभिन्न दुर्गा पूजा मंडपों में देखी गई। खबर के लिखे जाने तक महानगर कोलकाता के संतोष मित्र स्क्वायर, श्रीभूमि, मोहम्मद अली पार्क, एकडालिया एवरग्रीन, भवानीपुर 75 पल्ली, सुरुचि संघ, श्री भूमि, कॉलेज स्क्वायर व बेहाला नतून दल, बड़िषा सहित साल्टलेक के तमाम नामचीन दुर्गा पूजा मंडपों में भीड़ का रेला देखा गया। जैसा कि कहा जा रहा था कि दुर्गा पूजा के दौरान बारिश होगी लेकिन दर्शनार्थियों की भीड़ ने साबित किया की उनके उत्साह के आगे बारिश की आशंका गौण साबित हुई। दुर्गा पूजा मंडपों के पास खानपान को स्टाल भी व्यापक संख्या में लगे दिखे जहां लोगों को जमकर पेट पूजा भी करते देखा गया। लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने भी पहले से ही काफी सतर्क व चुस्त है। महानगर कोलकाता में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था भी तमाम जगहों पर चुस्त देखी गई। कोलकाता में लगभग 10 हजार पुलिसकर्मी व डिप्टी कमिश्नर रैंक के दर्जनों अफिसर भी तैनात हैं। पुलिस के अनुसार कई दर्जन वॉच टावर से भी पुलिसकर्मी हर गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। जिस मंडपों में लोगों की अधिक भीड़ उमड़ रही है, वहां ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है। पुलिस की इस विशेष व्यवस्था की वजह से सड़क का एक बड़ा हिस्सा लोगों की भीड़ से मुक्त होने की वजह से कोलकाता में यातायात सामान्य है। इसके साथ ही पूजा पंडाल देखने के लिए एक से डेढ़ किलोमीटर की लंबी लाइन लगी रही। दर्शनार्थी दो दो घंटे इंतजार करने के बाद एक पूजा पंडाल का दर्शन कर पाये। कोलकाता में उमड़ने वाली भीड़ की वजह से हावड़ा और सियालदह मंडल की ट्रेनों में भी भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी तरह का दृश्य मेट्रो का भी रहा। अगर बात कोलकाता से अलग जिलों की करें तो हावड़ा, हुगली, उत्तर व दक्षिण 24 परगना जिला सहित नदिया, पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुड़ा, झाड़ग्राम जैसे जिलों में भी तमाम दुर्गा पूजा आयोजन महानगर कोलकाता के आयोजन को चुनौती दे रहे हैं। ऐसे में तमाम दर्शनार्थी जिलों की नामचीन दुर्गा पूजा के दर्शन के लिए ट्रेन का सहारा ले रहे हैं।


नलिन आर्कर स्ट्रीट


अरविंद सेतु सर्वोजनिन


चक्रेबेरिया सर्वोजनिन दुर्गोत्सव


गड़ियाहाट हिंदुस्तान क्लब


दमदम पार्क भारतचक्र


संतोषपुर एवेन्यू साउथ


जादवपुर एथलेटिक क्लब


बालीगंज कल्चरल एसोसिएशन


बेहाला यंग मेन एसोसिएशन


कांकुड़गाछी युवक वृन्द


नकिन संघ


स्वामीजी स्पोर्टिंग क्लब, हावड़ा


बालक संघ आदि बालीगंज प्लेस ईस्ट


बराहनगर नेताजी कॉलोनी लो लैंड दुर्गा पूजा समिति की अद्भुत लाइटिंग

# दुर्गा पूजा के चार दिनों पर कैदियों के लिए विशेष मेनू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सुधार गृहों में बंद कैदियों के लिए दुर्गा पूजा के चार दिनों के दौरान एक विशेष मेनू की योजना बनाई गई है। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि सुधार गृहों में बंद कैदियों को दुर्गा पूजा का आनंद प्रदान करने के लिए मेनू में बदलाव किया गया है। इस बार, त्योहार के दिनों (सोमवार से गुरुवार) के दौरान कैदियों के मेनू में बिरयानी के साथ-साथ चीनी व्यंजन भी शामिल होंगे। सुबह के नाश्ते में लूची-पूरी (तली हुई, फूली हुई रोटी) भी शामिल है। अधिकारी ने कहा कि यह साल का वह समय होता है जब अपनों के साथ खुशियाँ बाँटी जाती हैं। एक कैदी का जीवन जेल की चारदीवारी के



भीतर ही बीतता है। वे बाहरी दुनिया से अलग-थलग रहते हैं। शहर में अभी त्योहारों का मौसम है, इसलिए उनके लिए कुछ खास व्यवस्था की गई है। हर साल पूजा के चार दिनों के दौरान सुधार गृहों में मेनू बदल जाता है। इस बार भी, कैदियों की थाली में पूजा के कुछ दिनों तक सभी प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन होंगे। उनके अनुसार, पूजा के चार दिनों के लिए उनके लिए दोपहर के भोजन से लेकर रात के खाने तक के विभिन्न मेनू की व्यवस्था की जा रही है। सप्तमी (सोमवार) को दोपहर में मछली-चावल-सब्ज़ी और रात में चिकन करी परोसी जाएगी। अष्टमी की सुबह पूरी-सब्ज़ी और खिचड़ी से शुरू होगी और दोपहर में लबरा परोसा जाएगा। रात में लूची और सब्ज़ी परोसी जाएगी। नवमी को दोपहर में चावल, दाल और झींगा सब्ज़ी परोसी जाएगी। रात में चिकन बिरयानी परोसी जाएगी। दशमी को दोपहर में रोहू मछली और रात में फ्राइड राइस और चिली चिकन परोसा जाएगा। शाकाहारियों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। अधिकारी ने बताया कि उन्हें वेज बिरयानी, पनीर, दही और आइसक्रीम परोसी जाएगी। इसके अलावा, पूजा के चार दिनों के दौरान सभी के लिए मिठाई की भी व्यवस्था की जाएगी। नाश्ते में चाउमीन और अंडा टोस्ट शामिल होगा। नवमी के दिन नाश्ते में चाय के साथ अंडा टोस्ट और दशमी के दिन चाउमीन परोसी जाएगी। इस बीच, राज्य के सुधारगृहों में भी इसी दिन से पूजा शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार, इस बार प्रेसीडेंसी सुधारगृह में कैदी पूजा की थीम 'एकता और विविधता' के अनुरूप एकता का संदेश दे रहे हैं। थीम से लेकर मंडप की सजावट तक, सब कुछ कैदियों ने खुद किया है।

## मोहम्मद अली पार्क के पूजा पंडाल का दर्शन कर सकेंगे दर्शानार्थी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोहम्मद अली पार्क के पूजा की जटिलताएं खत्म हो गई है। मध्य कोलकाता का यह प्रसिद्ध पूजा मंडप पंचमी पर बंद रहने के बावजूद, षष्ठी पर फिर से खुल गया है। बताया जा रहा है कि रविवार को मंडप के द्वार जनता के लिए फिर से खोल दिए गए है। पुलिस आगंतुकों के लिए मंडप में उचित व्यवस्था करेगी। इस बीच, क्लब के अधिकारियों ने मंडप बंद होने की बात स्पष्ट करते हुए कहा कि आगंतुकों के लिए मार्ग निर्धारित करते समय गलतफहमी हुई थी। हालांकि, पुलिस से आश्वासन मिलने के बाद मंडप के द्वार फिर से खोल दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पंचमी की रात ठाकुर के दर्शन करते समय आगंतुक निराश हुए। शनिवार की रात मोहम्मद अली पार्क में आगंतुक ठाकुर के दर्शन नहीं कर सके। आयोजकों ने पंचमी



की रात अचानक मंडप को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। पूजा आयोजकों का आरोप है कि इस साल पुलिस ने आगंतुकों के प्रवेश का मार्ग बदल दिया है। परिणामस्वरूप, मंडप में पहले जैसी भीड़ नहीं है। आगंतुक ठाकुर के दर्शन के लिए अन्य पूजा मंडपों में जा रहे हैं। विरोध में, आयोजकों ने मंडप की लाइटें बंद कर दीं और आगंतुकों का प्रवेश रोक दिया। इससे इलाके में काफी शोर-शराबा और विवाद हुआ। साथ ही, दूर-दूर से आए कई दर्शक इस बात से बेहद निराश हुए कि वे उस दिन मंडप में प्रवेश नहीं कर पाए।

### कल्याणी एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटना, दो युवकों की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कल्याणी एक्सप्रेसवे पर मोहनपुर थाना अंतर्गत बाबनपुर इलाके में शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों के नाम राजीव पाल और सोमनाथ घोष हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों युवक नैहाटी से बाइक तेज रफ्तार में चलाकर कोलकाता की ओर आ रहे थे। बाबनपुर इलाके में बाइक पर से नियंत्रण खो देने के कारण हादसा हुआ। गंभीर रूप से घायल अवस्था में दोनों को तुरंत बैरकपुर बी.एन. बसु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी रात कल्याणी एक्सप्रेसवे के निमता थाना क्षेत्र के अंतर्गत भी एक और भयावह दुर्घटना हुई। लगातार हो रही इन घटनाओं ने एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था और वाहनों के नियंत्रण पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पूजा में श्रद्धालुओं के लिए सोसायटी बेनिफिट सर्कल का पांच दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रारंभ




**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सोसायटी बेनिफिट सर्कल ने इस वर्ष भी यूथ एसोसिएशन, मोहम्मद अली पार्क परिसर में पांच दिवसीय निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा सेवा केन्द्र की शुरुआत की है। यह सेवा केन्द्र प्रतिदिन पूजा पंडाल में आने वाले हजारों दर्शनार्थियों को आवश्यकतानुसार प्राथमिक उपचार, दवाइयां एवं चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराएगा। इस सेवा कार्य का शुभारंभ सोसायटी के अध्यक्ष पवन बंसल, सुभाष गोयनका, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल (नीम का थाना), महेश काबरा, देवकीनंदन धेलिया, यूथ एसोसिएशन के सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति एवं सहयोग से किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष पवन बंसल का कहना है कि दुर्गा पूजा जैसे विशाल जनसमूह वाले आयोजन में चिकित्सा सेवा केन्द्र की उपस्थिति दर्शनार्थियों के लिए न केवल राहत का कार्य करती है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता का भी परिचायक है।

## अग्रसेन धाम के ट्रस्टियों की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** महाराजा अग्रसेन धाम के ट्रस्टियों की वार्षिक साधारण सभा धाम के मुख्यालय में ओम जालान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का लेखा-जोखा एवं ऑडिट रिपोर्ट सह कोषाध्यक्ष अनिल केडिया ने प्रस्तुत की, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। धाम के मंत्री निर्मल सराफ ने गत वर्ष की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए भावी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की, जिस पर सभी ने हर्ष प्रगट किया। बागनान स्थित धाम परिसर में नियमित चल रही चिकित्सा सेवाओं की सभी ने सराहना की। बताना प्रासंगिक है कि हाल ही में अग्रसेन जयन्ती पर धाम द्वारा यूपीएससी अकादमी एवं अग्रसेन समाज मेट्रोमोनी का विधिवत शुभारम्भ भी किया गया। वार्षिक सभा में लगभग




60 ट्रस्टी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य हैं सर्वश्री ओम जालान, निर्मल सराफ, अनिल केडिया, भगवानदास अग्रवाल, अशोक चूड़ीवाला, दिनेश अड़ूकिया, सत्यनारायण देवरालिया, सुरेश कुमार अग्रवाल, मनोज बगड़िया, कैलाश कयाल, रमेश सोंथलिया, अशोक कुमार बाजोरिया, नरेश जालान, श्यामसुन्दर अग्रवाल, नवीन टिकमानी, विजय डोकानिया, उमेश झुनझुनवाला, सुनील धनानिया, अमित केडिया, जुगल जाजोदिया, अशोक अग्रवाल, सुशील मित्तल, रामविलास अग्रवाल, गिरधारीलाल गोयनका, बजरंग अग्रवाल, प्रमोद ड्रोलिया, अनिल गोयल, हर्षित डालमिया आदि।

## पंचमी की रात डोमकल में व्यवसायी की हत्या, आरोप परिचितों पर

**मुर्शिदाबाद :** जिले के डोमकल थाना अंतर्गत गाड़ाबाड़िया इलाके में पंचमी की रात एक व्यवसायी की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक का नाम जिन्नात अंसारी (57) है, जो हरिहरपाड़ा के तरतीपुर गांव के निवासी थे। जिन्नात जमीन का कारोबार करते थे। परिवार का आरोप है कि शनिवार के दोपहर कुछ परिचित लोग उन्हें अपने साथ ले गए थे। देर रात पुलिस ने गाड़ाबाड़िया के एक मैदान से उन्हें खून से लथपथ हालत में बरामद किया। तुरंत जिन्नात को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि मरने से पहले जिन्नात ने अपने 'हमलावरों' के नाम बताए थे।



हत्या के पीछे की वजह को लेकर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि जमीन विवाद से झगड़ा हुआ और वहीं से हत्या की नौबत आई। घटना को लेकर इलाके में भारी तनाव है। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी या हिरासत की खबर नहीं है। डोमकल थाना पुलिस नामजद आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है।

## बाघाजतिन में रहस्यमय परिस्थितियों में महिला की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में रविवार को एक महिला रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई। मृतका की पहचान नमिता पाल के रूप में हुई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, महिला की मौत एक घर की पहली मंजिल पर स्थित अपने कमरे में फ्रिज का पिछला हिस्सा पोंछते समय हुई। हालांकि, उसके हाथ पर एक काला निशान था जिससे पड़ोसियों में संदेह पैदा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चूंकि वह अपने फ्लैट में अकेली रहती थी, इसलिए इसमें कोई गड़बड़ी हो सकती है। जादवपुर थाने के अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है और उन्होंने



मामले की जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि महिला कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के वार्ड 102, बाघाजतिन के चित्तरंजन कॉलोनी इलाके में लंबे समय से रहती थी। वह इलाके के एक घर के भूतल पर अकेली रहती थी। इस दिन, वह घर की सफाई कर रही थी। सूत्रों के अनुसार, वह गीले कपड़े से फ्रिज के पीछे का फर्श पोंछ रही थी। तभी उसने चीखने की आवाज निकाली। पड़ोसी दौड़कर उसके घर पहुंचे। उन्होंने देखा कि वह जमीन पर पड़ी दर्द से तड़प रही थी। कुछ देर बाद वह बेसुध हो गई। बाद में, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि उसकी मौत बिजली का झटका लगने से हुई है। हालांकि, उसके हाथ पर एक काला निशान था। इसलिए, हम जांच कर रहे हैं कि यह एक दुर्घटना थी या कोई गड़बड़ी। मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चलेगा।

### जौहरी पट्टी दुर्गोत्सव का 82वां उद्घाटन संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री बड़ाबाजार सार्वजनिक दुर्गोत्सव कमेटी (जौहरी पट्टी) का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता रूपचंद सावनसुखा और दीप प्रज्वलित बिमलचंद जैन ने किया। अतिथियों का स्वागत मनोज चांदगोठिया ओर निशांत सरावगी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नन्द किशोर तोशावर ने दिया। अतिथि के रूप में पार्षद महेश शर्मा, राजाराम सराफ उपस्थित थे। मौके पर नवीन सराफ, प्रकाश धानुका, महेंद्र सोनकर, अनिल लाखोटिया, आलोक झुनझुनवाला, दिव्यांश चांदगोठिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पंकज सोनकर ने किया।

### बारासात में मेडेला कार्किनोस ने बस यूनियन के सहयोग से कैंसर स्क्रीनिंग शिविर किया आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेडेला कार्किनोस ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (कार्किनोस हेल्थकेयर कोलकाता) ने उत्तर 24 परगना के बारासात स्थित चंपाडाली मोड़ पर एल238 बस यूनियन के सहयोग से एक दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग और ओपीडी शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बस चालकों, सहायकों और उनके परिवार के सदस्यों सहित 100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर स्क्रीनिंग तक सीमित पहुंच, कैंसर से जुड़ी भ्रांतियां और आम कैंसर के प्रति जागरूकता की कमी जैसी समस्याओं पर ध्यान देना था। शिविर में प्रतिभागियों की स्वास्थ्य जांच की गई और मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर जैसी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान की गई। साथ ही, धूम्रपान, तंबाकू सेवन और अन्य जोखिमों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल की अनुभवी चिकित्सा टीम ने कैंसर के कारणों, लक्षणों और रोकथाम के तरीकों के बारे में जागरूकता फैलाते हुए लोगों से एहतियाती कदम उठाने का आग्रह किया।

### स्विगी ने कोलकाता के प्रमुख पंडालों के साथ मिलकर भोग एक्सपीरियंस बॉक्स किया पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस दुर्गा पूजा, स्विगी ने कोलकाता के सात प्रमुख पंडालों के साथ मिलकर 'भोग एक्सपीरियंस बॉक्स' पेश किया है। कुल 6,000 बॉक्स केवल 21 की टोकन कीमत पर उपलब्ध होंगे और 28 सितंबर से स्विगी ऐप पर प्री-ऑर्डर किए जा सकते हैं। डिलीवरी 29 सितंबर से शुरू होगी। प्रत्येक एक्सपीरियंस बॉक्स को दुर्गा पूजा की पारंपरिक भावना के अनुसार डिज़ाइन किया गया है। इसमें पूजा में इस्तेमाल होने वाले फूल, सिंदूर, मां दुर्गा की मिट्टी की मूर्ति और पंडालों के विशेष व्यंजन जैसे आलू भजा, लबरा करी, खिचड़ी, लुची, पुलाव और पायस शामिल हैं। इस पहल के माध्यम से भक्त पंडालों की पूजा और पाक परंपराओं का अनुभव घर बैठे ले सकते हैं। इस साल भाग लेने वाले पंडालों में अहिरितोला सर्वजनिन दुर्गोत्सव, संतोषपुर लेक पॉली और बोकुल बागान सर्वजनिन दुर्गोत्सव शामिल हैं। स्विगी की यह पहल 2024 के फ्लोटिंग पंडाल और इस साल के गणेश चतुर्थी सहयोग जैसी नवाचारपूर्ण पहल का हिस्सा है।

### कोलकाता मेट्रो रेलवे ने स्वच्छता ही सेवा 5.0 अभियान के तहत सफाई अभियान किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता मेट्रो रेलवे ने स्वच्छता ही सेवा 5.0 अभियान के तहत मेट्रो के स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य रेलवे परिसरों में तीव्र सफाई और सैनिटाइजेशन ड्राइव आयोजित की जा रही है। मेट्रो स्टाफ विभिन्न स्टेशनों और सार्वजनिक शौचालयों में सफाई में भाग ले रहा है। यात्रियों को भी इस अभियान के तहत परिसरों को साफ-सुथरा रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही, आगामी पूजा के दौरान बुकिंग काउंटरों पर लंबी कतारों से बचने के लिए यात्रियों से डिजिटल टिकटिंग का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है। इसमें स्मार्ट कार्ड और मोबाइल क्यूआर टिकट शामिल हैं, जिनमें ऐप या रिचार्ज के समय 5% बोनस/रिबेट मिलता है।

### दुर्गा पूजा पर माताओं के सम्मान हेतु आशीर्वाद का मातृ शक्ति बंदना अभियान हुआ लॉन्च




**कोलकाता, समाज्ञा :** आईटीसी आशीर्वाद ने पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा के अवसर पर परंपरा और तकनीक को जोड़ते हुए मातृ शक्ति बंदना अभियान की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य माताओं को माँ दुर्गा की शक्ति और स्नेह का प्रतीक मानते हुए उनका सम्मान करना है। अभियान की शुरुआत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गायिका इमान चक्रवर्ती द्वारा रचे गए गीत मातृ शक्ति बंदना के लॉन्च से हुई। वहीं, टॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका सरकार ने शिव मंदिर मुदियाली पंडाल में आशीर्वाद के विशेष कियोस्क का उद्घाटन किया। इस बार आशीर्वाद ने अभियान को डिजिटल रूप दिया है। प्रमुख पूजा पंडालों में लगाए गए कियोस्क में परिवार पारंपरिक ध्वनियां - उलू ध्वनि, शंख और ढाक - प्रस्तुत कर अपनी माताओं को श्रद्धांजलि दे सकते हैं। साथ ही यह कियोस्क माताओं के व्यक्तित्व और शक्ति को दर्शाने वाला इंटरैक्टिव अनुभव उपलब्ध कराता है, जो परिवारों को अपनी माताओं के लिए विशेष स्मृति चिन्ह बनाने का अवसर देता है। अभिनेत्री प्रियंका सरकार ने कहा कि यह पहल तकनीक और परंपरा के संगम से माताओं की दिव्य शक्ति का अनोखा उत्सव है।

## दुर्गा पूजा पर काशी विश्वनाथ सेवा समिति की विशेष जल सेवा




**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कोलकाता के विभिन्न पूजा पंडालों- मोहम्मद अली पार्क, बड़तल्ला मोड़, बिधान गार्डन सहित कई स्थानों पर निःशुल्क शीतल जल सेवा शिविर संचालित कर रही है। साथ ही, नेक संस्थाओं को भी समिति द्वारा निःशुल्क जल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु व आमजन लाभान्वित हो रहे हैं।इस सेवा कार्य का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता एवं सचिव बिमल दीवान के मार्गदर्शन में, सह सचिव पवन बंसल व सुभाष सांवलदावाला की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर सुभाष गोयनका, संजय अग्रवाल, महेश काबरा, देवकीनंदन धेलिया तथा यूथ एसोसिएशन के सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। समिति के सह सचिव पवन बंसल ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में जल सेवा कार्य निरंतर चलाया जा रहा है। यह सेवा श्रद्धालुओं को राहत देने के साथ ही समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है।

## मां दुर्गा की भक्ति और सांस्कृतिक रंग के साथ विक्रम विहार में नवरात्र उत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूरे देश में भक्ति और उत्साह के साथ नवरात्र उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें मां दुर्गा की पूजा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रंग-बिरंगी परंपराओं का भी आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में, विक्रम विहार मंदिर कमेटी द्वारा विक्रम विहार मंदिर प्रांगण में भी इस वर्ष नवरात्र उत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। 27 सितंबर को यहां डांडिया और धुनुची नाच का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने उमंग और श्रद्धा के साथ भाग लिया। मंदिर परिसर पारंपरिक सजावट और दीपों से जगमगा उठा, और धार्मिक व सांस्कृतिक वातावरण भक्तों को आकर्षित करता रहा। इस उत्सव में विनीता शर्मा, ललिता जैन, रितु बैद, अनीता पांडेय, सुधा अदुकिया, सरिता अग्रवाल, प्रीति बिनानी और



कविता गुप्ता सहित अन्य ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस नवरात्र उत्सव के अगले चरण में 2 अक्टूबर को सिंदूर खेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु परंपरागत वेशभूषा में भाग लेकर उत्सव को और जीवंत बनाएंगे।

### मां दुर्गा और मां लक्ष्मी के विसर्जन पर सियालदह डिवीजन ने सर्कुलर रेलवे सेवाओं में किया बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल सरकार के अनुरोध पर सियालदह डिवीजन ने 2, 3, 4, 5, 7 और 8 अक्टूबर 2025 को दुर्गा मां और लक्ष्मी मां की मूर्तियों के विसर्जन के दौरान सर्कुलर रेलवे की ट्रेन सेवाओं में अस्थायी बदलाव करने का निर्णय लिया है। इस अवधि के दौरान कुछ ईएमयू लोकल ट्रेनें संक्षिप्त मार्ग से चलेंगी, कुछ ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट या शॉर्ट ओरिजिनेट होंगी, जबकि कुछ ट्रेनें पूरी तरह रद्द रहेंगी। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार, ट्रेनें 30312, 30314 और 30122 को कोलकाता स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा, जबकि 30331, 30311 और 30313 ट्रेनें वहीं से शॉर्ट ओरिजिनेट करेंगी। 30154 ट्रेन को सियालदह (नॉर्थ) पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा और 30123 वहीं से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। इसके अलावा, कुछ ट्रेनें कांकुरगाछी रोड-बालीगंज मार्ग और बालीगंज-माझेरहाट मार्ग से डायवर्ट की जाएंगी। दो एचण लोकल ट्रेनें (30416 और 30451) इस अवधि के दौरान रद्द रहेंगी। विशेष रूप से, सियालदह-बारुईपुर ईएमयू ट्रेन शाम 19:10 बजे सियालदह से चलेगी और 30451 ट्रेन के लिंक का अनुसरण करेगी। इसके अलावा, कल्याणी स्टेशन से 2, 3 और 4 अक्टूबर को कई ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट या शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएंगी, जिनमें 31191/31192 नैहाटी-कल्याणी सीमांता-नैहाटी और 31311/31312, 31333/31334, 31335/31336, 31337/31338, 31339/31314, 31341/31332 सियालदह-कल्याणी सीमांता-सियालदह ईएमयू लोकल ट्रेनें शामिल हैं।

## डानकुनी रामकृष्ण स्पोर्टिंग क्लब के दुर्गोत्सव का उद्घाटन



**कोलकाता :** डानकुनी रामकृष्ण स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित 64वें सार्वजनिन दुर्गोत्सव का शनिवार को महापंचमी की संध्या पर उद्घाटन श्री रामकृष्ण विवेक ब्रति सेवा मिशन के प्रमुख स्वामी सेवापरानंदजी महाराज ने किया। इस अवसर पर डानकुनी नगर पालिका के वार्ड 15 के पार्षद कल्लोल बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्रीखोल वादक हरेकृष्ण हलधर सहित अन्य विशिष्टजन और क्लब के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थिति थे।इस क्लब द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा का इस बार 64वां वर्ष है। हर साल इस क्लब द्वारा बड़े धूमधाम से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। दुर्गा पूजा के दौरान यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### सियालदह में 'प्रफुल्ल द्वार' का उद्घाटन, नवरात्र में यात्रियों के अनुभव को बनाया सुगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने दुर्गा पूजा के दौरान बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस पहल की सबसे प्रमुख विशेषता सियालदह स्टेशन पर 'प्रफुल्ल द्वार' का पुनः उद्घाटन है, जो प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्थित है और भीड़ को कम करने के साथ यात्रियों के निर्बाध आवागमन में मदद करता है। यात्रियों की सुविधा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने के लिए



डिवीजन ने तेज और प्रभावी टिकटिंग प्रणाली, सुव्यवस्थित पार्किंग प्रबंध और व्यापक भीड़ प्रबंधन योजना लागू की है। योजना के तहत स्थानीय ट्रेन यात्रियों के लिए 'प्रफुल्ल द्वार' को समर्पित निकास बनाया गया, जबकि भुगतान की गई पार्किंग को 'भीड़ नियंत्रित क्षेत्र' में परिवर्तित कर प्लेटफॉर्म पर भीड़ को नियंत्रित किया गया। इसके अलावा, अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों की तैनाती और स्पष्ट दिशा-निर्देशों ने यात्रियों और पंडाल आगंतुकों के लिए सुरक्षा और सुव्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित किया।

### पुरुलिया में पति ने पत्नी की हत्या कर घर में आग लगाई, गिरफ्तार

**पुरुलिया :** महाषष्ठी के दिन पुरुलिया के बलरामपुर थाना क्षेत्र के करमा गांव में एक सनसनीखेज घटना सामने आई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से वैवाहिक कलह चल रही थी। शनिवार रात इस रंजिश ने उग्र रूप ले लिया और पति नवीन मोदक ने पत्नी माधुरी मोदक की हत्या कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, नवीन ने रात के समय घर में पत्नी को कुल्हाड़ी से हमला कर मार डाला और फिर बाहर रखी स्कूटी के टैंक से पेट्रोल लेकर घर और मृतका के शरीर पर डालकर आग लगा दी। आग कुछ ही क्षणों में पूरे घर में फैल गई। सुबह पड़ोसियों ने आग की जानकारी दी और तुरंत पुलिस एवं दमकल टीम घटनास्थल पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग को नियंत्रित किया, लेकिन आग में मृतका का शरीर काफी हद तक जल चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

### हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने रविवार को स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत एक श्रृंखला विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित की। इस वर्ष के अभियान में मुख्य ध्यान युवा सहभागिता और स्टेशनों व ट्रेनों में सार्वजनिक शौचालयों की सफाई एवं उन्नयन पर केंद्रित था। यह पहल हावड़ा, कटवा, शेवड़ाफुली, श्रीरामपुर, कोन्नगर, चुंचुड़ा, बैद्यबती, तारकेश्वर, बोलपुर, बलगोना, रामपुरहाट, वर्दवान, कामरकुंडू और नवद्वीप धाम स्टेशनों पर व्यापक रूप से संचालित की गई। अभियान के दौरान युवाओं, छात्रों और स्वयंसेवकों को स्वच्छता और जिम्मेदार नागरिक आदतों के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। स्टेशनों और ट्रेनों में सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई, उन्नयन और स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप निरीक्षण सुनिश्चित किया गया। ये प्रयास पूर्व रेलवे की साफ-सुथरी, सुरक्षित और यात्रियों के अनुकूल परिवहन सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# जो सर्वधर्म का सम्मान करता है, वही सच्चा सनातनी हिंदू है : कल्याण बनर्जी

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी और काली मंदिर के महंत केशवानंद जी महाराज ने लाल कोठी इलाके में रिसड़ा समाज समिति द्वारा आयोजित दुर्गापूजा मंडप का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद कल्याण बनर्जी अपने पोते के साथ पहुंचे। उन्होंने रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में रिसड़ा देश में अपनी अलग पहचान बनाएगा। सांसद ने रिसड़ा को मिनी भारत की संज्ञा दी और यह भी घोषणा की कि मातृ सदन अस्पताल का विस्तार किया जाएगा तथा शीघ्र



ही केमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण किया गया। उद्घाटन समारोह में चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, पार्षद सुख सागर मिश्रा 'टीकू', पार्षद मनोज साव, साधना सिंह, अमित देवातिया, अधिवक्ता राजेंद्र चतुर्वेदी, मास्टर नसीम समेत अन्य पार्षद और गण्मान्य उपस्थित रहे। पार्षद एवं पूजा आयोजक सुख सागर मिश्रा 'टीकू' ने बताया कि रिसड़ा समाज सेवा समिति की दुर्गापूजा अपने 56वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इस बार पूजा की थीम पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और लगातार बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को जागरूक करने के लिए पंडाल का निर्माण किया गया है। इसमें मुख्य रूप से कपड़े और बांस का प्रयोग कर पेड़ बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है। समिति ने विभिन्न स्कीमों और सजावटों के माध्यम से भी पर्यावरण जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है। षष्ठी के दिन से ही पूजा मंडप में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा ने दर्शनार्थियों का मन मोह लिया। सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि धर्म के नाम पर भेदभाव और विभाजन करने वाला कभी भी सनातनी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान सभी धर्मों और जातियों की एकता से बनी है। धर्म के नाम पर राजनीति करके देश में विभाजन फैलाने वाले असली सनातनी नहीं हो सकते। उन्होंने विश्वास जताया कि मां दुर्गा दुष्ट शक्तियों का संहार कर समाज में शांति, सद्भाव और चेतना का संचार करेंगी।

## आपरेशन सिंदूर की थीम पर बने दुर्गा मंडप की पूजा बंद होने से जल उठेगा बंगाल : भाजपा नेता

### आम लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए पूजा स्थल की घेराबंदी करने का आरोप

**कोलकाता :** बंगाल के भाजपा नेता व पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने रविवार को कहा कि कोलकाता के संतोष मित्रा स्क्वायर में आपरेशन सिंदूर की थीम पर बने दुर्गा मंडप की पूजा बंद होने से बंगाल जल उठेगा। दरअसल इस पूजा को लेकर पिछले कुछ दिनों से विवाद बढ़ गया है। कथित तौर पर आम लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए पूजा स्थल की घेराबंदी कर दी गई है। पूजा के आयोजक भाजपा पार्षद सजल घोष ने दावा किया है कि अगर ऐसा ही चलता रहा, तो पूजा करना संभव नहीं होगा।

अर्जुन सिंह ने कहा कि इस दुर्गा पूजा में सिंदूर के लिए लड़ाई



को उजागर किया गया है। माताओं-बहनों के सम्मान की रक्षा को दर्शाया गया है। लेकिन कोलकाता पुलिस इस पूजा में विभिन्न तरीके से अडंग़ा डाल रही है। उनका दावा है कि 40 फुट की सडक़ को रेलिंग से अवरुद्ध करके लोगों को 15 फुट के रास्ते से पूजा मंडप तक ले जाया जा रहा है। इससे जहां महज 700 मीटर पैदल चलकर पूजा मंडप तक पहुंचा जा सकता है उसके लिए लोगों को तीन से साढ़े तीन किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। वहीं इस पर कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कहा है कि भीड़ को संभालने व लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कदम उठाया गया है। इसके पहले सजल घोष ने दावा किया था कि इस पूजा के लिए रोशनी व साउंड की व्यवस्था करने वाली संस्था से लाइसेंस व वहां लेजर शो की अनुमति संबंधित दस्तावेज पुलिस की ओर से मांगे गए थे।

## श्यामनगर में ट्रेन की चपेट में आकर मां-बच्चा समेत तीन की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मेन शाखा के अंतर्गत श्यामनगर स्टेशन के करीब शनिवार देर रात ट्रेन की चपेट में आकर एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात करीब 11:30 बजे 23 नंबर रेलगेट के पास एक पुरुष और एक महिला रेलवे लाइन पार कर रहे थे। उसी दौरान बालुरघाट एक्सप्रेस आ गई और दोनों उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बचाने की कोशिश में स्थानीय निवासी सुब्रत राय भी ट्रेन से टकरा गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का अनुमान है कि ट्रेन से कटकर मरे पुरुष और महिला आपस में पति-पत्नी थे। हालांकि उनकी पहचान अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। रेल पुलिस ने फिलहाल दावा किया है कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## कल्याणी में नकली राशन-आधार-मतदाता कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**कोलकाता :** गोयेशपुर पुलिस चौकी ने कल्याणी के सगुना ग्राम पंचायत के नवग्राम क्षेत्र में छापेमारी कर नकली राशन, आधार और मतदाता कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। इस छापेमारी में एक व्यक्ति सुमन कल्याणी बाला (48) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके घर से कई नकली पहचान पत्र और दस्तावेज जब्त किए। गिरफ्तार आरोपी को कल्याणी महकमा अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उन्हें 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की नजर के सामने ही यह



अवैध गतिविधि चल रही थी। गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर शनिवार को पुलिस ने सुमन के घर छापा मारा। आरोप है कि मोटी रकम लेकर नकली पहचान पत्र बनाए और वितरित किए जा रहे थे। पुलिस इस मामले की विस्तार से जांच कर रही है और अन्य शामिल व्यक्तियों की भी तलाश कर रही है।

## काकोली घोष दस्तीदार के सोशल मीडिया पोस्ट से विवाद, पार्टी ने जारी किया स्पष्टीकरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बारासात निर्वाचन क्षेत्र से चार बार की सांसद और लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस की नई मुख्य सचेतक काकोली घोष दस्तीदार के पोस्ट ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने राज्य में चार दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव शुरू होने से एक दिन पहले सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद पोस्ट किया था। निजी जीवन में चिकित्सक घोष दस्तीदार ने अपने आवास पर पूजा के दौरान देवी दुर्गा की मूर्ति के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने दावा किया कि देवी दुर्गा उन लोगों का नाश कर देंगी जो उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा



कि मैं सभी को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देती हूं। देवी, जो राक्षसों का नाश करती हैं और जिनकी मैं पूजा करती हूं, मेरे साथ हैं। वह उन लोगों का नाश करेंगी जो मुझे नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने जानबूझकर कभी कोई गलत काम नहीं किया। जब तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी मेरे साथ हैं, मुझे कोई नहीं हरा पाएगा। हालांकि, बाद में, रविवार को, घोष दस्तीदार ने एक स्पष्टीकरण जारी किया, जब उन्हें पता चला कि त्योहारों के मौसम की शुरुआत में उनका बयान विवाद का कारण बन रहा है। रविवार की दोपहर को अपनी टिप्पणी में उन्होंने कहा कि यह बस मां दुर्गा के लिए मेरी कामना थी। ममता बनर्जी द्वारा स्थापित और पोषित एक राजनीतिक दल के बारे में कुछ भी कहने की मुझमें हिम्मत नहीं है। मैं पार्टी का झंडा ऊंचा रखते हुए मरूंगी। मेरा निशाना मुख्य रूप से विपक्षी दलों के वे लोग थे जो मुझे नुकसान पहुंचाने या मुझे हराने की कोशिश कर रहे हैं।

## आईआईटी खड़गपुर के नये सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में पहली सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (एसपीएमएसएच) में रविवार को नये ऑपरेशन थियेटर में पहली सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गई। संस्थान द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार, वरिष्ठ सर्जन डॉ. आर.के. बेहरा के नेतृत्व में आपातकालीन परिस्थितियों में यह ऑपरेशन किया गया। आईआईटी खड़गपुर ने बयान में कहा कि मरीज को बाद में छुट्टी दे दी गई, जो सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उपलब्ध उन्नत डे-केयर सर्जिकल सेवाओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन थियेटर के चालू हो जाने से एसपीएमएसएच तेजी से 220 बिस्तरों वाले मिशन मोड आईपीडी अस्पताल के रूप में



विकसित हो जाएगा, जिससे इसकी ऑपरेशन संबंधी और विशेष देखभाल क्षमताओं का विस्तार होगा। आईआईटी खड़गपुर के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने कहा, 'मुझे कार्यभार संभाले हुए लगभग तीन महीने हो गए हैं, और इस अवधि में, हमने न्यूनतम सक्रिय पॉलीक्लिनिक से पूर्ण कार्यात्मक ओपीडी में प्रगति करने, अत्याधुनिक निदान सेवाएं शुरू करने और अब भर्ती मरीजों की सर्जरी को शुरू करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। आईआईटी खड़गपुर के लिए यह एक बड़ी सफलता है।

## जलपाईगुड़ी में प्रदर्शनकारी चाय बागान श्रमिकों को पुलिस ने तितर-बितर किया

**जलपाईगुड़ी/कोलकाता :** जलपाईगुड़ी जिले के मेटेली में चाय बागान श्रमिकों के एक वर्ग ने दुर्गा पूजा बोनस के भुगतान की मांग को लेकर राजमार्ग के एक प्रमुख हिस्से को अवरुद्ध कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने रविवार को उन्हें तितर-बितर किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नजदीक के एक चाय बागान के लगभग 100 श्रमिकों ने शुक्रवार दोपहर से जिले के मालबाजार उपखंड के अंतर्गत मुख्य राज्य राजमार्ग को जाम कर दिया था। उन्होंने कहा कि हमने उन्हें नाकाबंदी हटाने के लिए मनाने की कोशिश की... हालांकि, जब प्रदर्शनकारियों ने हटने से इनकार कर दिया, तो रविवार को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें तितर-



बितर कर दिया। इस बीच, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने 'निहत्थे आदिवासी चाय बागान श्रमिकों पर बर्बर लाठीचार्ज' किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया और उन पर बिना उकसावे के हमला किया। भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि पुलिस कार्रवाई में कई श्रमिक घायल हुए हैं।

## पूर्व रेलवे ने 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत लगाए स्वास्थ्य शिविर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के चिकित्सा विभाग ने 27 सितंबर को अपने विभिन्न मंडलों और कार्यशालाओं में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत स्वास्थ्य जांच और जागरूकता शिविरों का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत करना और



परिवार की समग्र भलाई सुनिश्चित करना है। सियालदह मंडल में उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच के साथ-साथ मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिनसे 21 प्रतिभागी लाभान्वित हुए। बी.आर. सिंह अस्प-ताल में आयोजित गर्भवती महिलाओं की जांच शिविर में 25 महिलाओं की जांच की गई। आसनसोल मंडल के मधुपुर स्वास्थ्य इकाई में आयोजित शिविर में महिलाओं के पोषण, एनीमिया और थायरॉइड समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही प्रतिभागियों की बीएमआई, ईसीजी, रक्तचाप और ब्लड शुगर की जांच की गई। मालदह मंडल में दो शिविर आयोजित किए गए। बरहरवा में हुए सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर में 65 लड़कियों की जांच हुई, जिनमें एक पॉजिटिव केस सामने आया और उसे परामर्श दिया गया। वहीं, भागलपुर स्वास्थ्य इकाई में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। लिलुआ वर्कशॉप में भी दो कार्यक्रम हुए - एक व्यवहार परिवर्तन और पोषण पर जागरूकता सत्र और दूसरा हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और मोटापा जांच शिविर जिसमें 26 कर्मचारियों की जांच की गई।

## दमदम नेताजी संघ का 75वां स्थापना दिवस समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के गोरखभांसी रोड, नागेरबाजार स्थित दमदम नेताजी संघ ने बड़े हर्षोल्लास के साथ अपना 75वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश जैन गंगवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष ध्रुव साहा ने की। साथ ही, मंच पर उपाध्यक्ष शंकर दासगुप्ता, अमित सेनगुप्ता, सचिव सजल भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष चंपक भट्टाचार्य, एवं पैट्रन के रूप में भट्टाचार्य परिवार की महिलाएं नबनीता दासगुप्ता, सामोली चक्रवर्ती, कल्पना भट्टाचार्य, संध्या राय, सफाली साहा और शिवानी डे विशेष रूप से उपस्थित थीं। इस अवसर पर समाजसेवी महेन्दर गुप्ता, महेन्दर पोद्दार एवं बापादित्य सिंह ने भी अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ाई। समारोह में वक्ताओं ने संघ की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए समाज सेवा, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में संगठन के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## दुर्गा पूजा पर फ्लाइट टिकटों के दाम आसमान पर, किराए में 40-80% तक इजाफा



**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा के त्योहार ने यात्रियों की भीड़ और मांग में भारी बढ़ोतरी कर दी है। राजधानी कोलकाता से आने-जाने वाली फ्लाइट्स में सीटों की भारी डिमांड के चलते टिकट की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। एयरलाइन कंपनियों ने बताया कि दुर्गापूजा के दौरान फ्लाइट टिकटों में लगभग 40 से 80 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल और खासकर कोलकाता में दुर्गा पूजा के दौरान लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। इस वजह से एयरपोर्ट पर यात्री संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यात्रा एजेंसियों के अनुसार, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद समेत कई बड़े शहरों से कोलकाता आने-जाने वाली उड़ानों के किराए में अचानक उछाल देखा जा रहा है। पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि दुर्गा पूजा के समय होटल और फ्लाइट बुकिंग कई हफ्ते पहले ही फुल हो जाती हैं। इसके चलते आखिरी समय में टिकट लेने वालों को भारी रकम चुकानी पड़ रही है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मांग इसी तरह बनी रही तो आने वाले दिनों में फ्लाइट किराए में और बढ़ोतरी हो सकती है।

## सीआइएसएफ के 40 कर्मियों ने किया रक्तदान

**कोलकाता :** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के उत्तर पूर्व सेक्टर (एनईएस)-2 मुख्यालय परिसर, कोलकाता में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। परिसर में पदस्थ अधिकारियों एवं बल के जवानों ने इसमें बढ़-चढ़कर स्वेच्छा से रक्तदान किया। एक अधिकारी ने बताया कि कुल 40 कर्मियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर जवानों ने समाज में रक्तदान की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने बल के सदस्यों के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और यह जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण साधन है। इस तरह के अभियान जनकल्याण के प्रति सीआइएसएफ की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं।

## सोनागाछी की यौनकर्मियों ने देवी दुर्गा की पूजा की

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य के सबसे बड़े रेड लाइट क्षेत्र सोनागाछी की यौनकर्मियों ने रविवार को महाषष्ठी पर 'बोधन' अनुष्ठान के दौरान देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने उत्तरी कोलकाता के सोनागाछी स्थित 143/सी मस्जिद बाड़ी स्ट्रीट में दरबार महिला समन्वय समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा के दौरान अनुष्ठानों में भाग लिया। यह समिति यौनकर्मियों के कल्याण और बेहतरी के लिए काम करती है। यह पूजा अपने तेरहवें वर्ष में प्रवेश कर गई और इसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। समिति की सचिव बिशाखा लस्कर ने बताया कि जिस तरह 'महिषासुर मर्दिनी' की पौराणिक गाथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, उसी प्रकार हमारा संघर्ष भी यौन कर्मियों को सामाजिक मान्यता, उनके उचित अधिकारों और हाशिए पर पड़े समुदायों की गरिमा पुनः स्थापित करने के लिए अन्याय के खिलाफ एक लंबी लड़ाई है। उन्होंने कहा कि इस साल हमारी थीम 'दरबार पर 30: न्याय की लड़ाई में मां दुर्गा के आशीर्वाद के साथ तेरह शरद ऋतु' है, जो संगठन की स्थापना के 30 साल पूरे होने का प्रतीक है। पूजा का उद्घाटन 26 सितंबर को विधायक और दरबार पूजा समिति के अध्यक्ष मदन मित्रा, लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेता पायल डे और अन्य प्रख्यात हस्तियों ने किया था।

## पूर्व रेलवे ने पूजा पर्व में भीड़ प्रबंधन के किए व्यापक इंतजाम

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने दुर्गा पूजा पर्व के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारियां की हैं। हावड़ा और सियालदह मंडलों में पूजा पंडाल घूमने वालों की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त ईएमयू लोकल सेवाएं चलाई जा रही हैं। सियालदह, हावड़ा, आसनसोल और मालदह मंडलों के प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है तथा भीड़ प्रबंधन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष तैनाती की गई है। रेलवे ने कहा है कि जहां एक ओर व्यवस्थाएं की गई हैं, वहीं यात्रियों की ला-परवाह हरकतें दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। बंद लेवल क्रॉसिंग गेट से पार करना, ट्रैक से होकर एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म जाना या चलती ट्रेन से बाहर झुकना बेहद ख़तरनाक है। पूर्व रेलवे ने सभी नागरिकों और यात्रियों से अपील की है कि वे रेलवे परिसरों, ट्रेन डिब्बों और लेवल क्रॉसिंग गेट पर सुरक्षा नियमों का पालन करें। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि लेवल क्रॉसिंग गेट बंद या बंद होने की स्थिति में उसे पार करने की कोशिश न करें। यात्रियों से अनुरोध है कि स्टेशन पर हमेशा फुटओवर ब्रिज का उपयोग करें और रेलवे ट्रैक पार करने से बचें। मोबाइल फोन पर बात करते हुए या हेडफोन लगाकर पटरियों के पास जाना भी खतरनाक साबित हो सकता है। साथ ही पटाखे, केरोसिन जैसे ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलने की सख्त मनाही है।



**महाषष्ठी के मौके पर जोड़ाबागान सार्वजनिन श्री श्री दुर्गा महोत्सव का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर पवन कुमार गुप्ता, महेश गुप्ता, उत्तम गुप्ता, दिलीप सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**

## गार्डनरीच रेलवे कॉलोनी में दक्षिण पूर्व रेलवे की 79वीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा का भव्य उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे कॉलोनी, गार्डनरीच में दक्षिण पूर्व रेलवे सार्वजानिन दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित 79वीं दुर्गा पूजा का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा और महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा प्रीति मिश्रा ने उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर सभी उपस्थित लोगों ने उत्सव की शुरुआत की और दुर्गा पूजा के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को समर्पित कार्यक्रमों का स्वागत किया।

## गुजरात के अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर बने बालीटिकुड़ी सजीब संघ के दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन

- **सजीब संघ के पूजा आयोजन का इस बार है 71वां वर्ष**
- **हर साल अलग-अलग थीम वाली पंडाल के लिए मशहूर है बालीटिकुड़ी सजीब संघ**

**हावड़ा :** हावड़ा शहर के प्रमुख दुर्गा पूजा आयोजकों में शामिल बालीटिकुड़ी सजीब संघ के पूजा पंडाल का शुक्रवार को चतुर्थी के दिन उद्घाटन पूर्व मंत्री राजीव बनर्जी और हावड़ा नगर निगम के प्रशासनिक बोर्ड के चेयरमैन डा सुजय चक्रवर्ती ने किया। इस पूजा कमेटी ने इस बार गुजरात के प्रसिद्ध अक्षरधाम मंदिर की थीम पर अपना पूजा पंडाल बनाया है। सजीब संघ के पूजा आयोजन का इस बार 71वां वर्ष है। यह क्लब हर साल अलग-अलग थीम पर पंडाल बनाने के लिए हावड़ा में मशहूर है। इस बार



अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर तैयार इस पूजा मंडप की अलौकिक कलाकृतियां हर किसी का ध्यान खींच रहा है। सजीब संघ के सचिव मनोज मंडल ने बताया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले से आए 20 से ज्यादा कारीगरों ने एक महीने से ज्यादा समय में दिन-रात की कड़ी मेहनत के बाद यह पंडाल तैयार किया है। पंडाल में आकर्षक प्रकाश सज्जा भी की गई है। उद्घाटन के अवसर पर क्लब की ओर से इलाके के जरूरतमंद दर्जनों बच्चों को दुर्गा पूजा उपहार के रूप में कपड़े भी प्रदान किए गए। आयोजन को सफल बनाने में क्लब के सभी सदस्य सक्रिय हैं। दासनगर थाना क्षेत्र के बालीटिकुड़ी, बामनपाड़ा में स्थित इस पूजा कमेटी को हर साल हावड़ा के उत्कृष्ट पूजा पंडालों के लिए पुरस्कार भी मिलता रहा है। प्रति वर्ष अलग-अलग थीम व अनोखे डिजाइनों पर तैयार किए जाने वाले यहां के पंडाल लोगों को आकर्षित करते रहे हैं। दूर-दूर से लोग इस पंडाल को देखने आते हैं। उद्घाटन के मौके पर स्थानीय पूर्व पार्षद त्रिलोकेश मंडल, पूजा कमेटी के सचिव पार्थ मलिक, वरुण मंडल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL | EDUCATION | OBITUARY
PROPERTY | NAME CHANGE | REMEMBRANCE
RECRUITMENT | PUBLIC NOTICE | DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार विधानसभा चुनाव और उपचुनावों के लिए 470 पर्यवेक्षक तैनात करेगा निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव और सात विधानसभा उप-चुनावों के लिए 470 अधिकारियों को अपने पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात करेगा। आयोग ने रविवार को एक बयान में कहा कि 470 पर्यवेक्षकों में से 320 आईएएस अधिकारी, 60 आईपीएस और 90 अन्य सेवाओं से हैं। चुनाव के दौरान सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों को निगरानी के लिए तैनात किया जाता है। इन पर्यवेक्षकों की एक 'ब्रीफिंग' तीन अक्टूबर को यहां निर्धारित है, जो आयोग द्वारा बिहार में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करने के लिए बिहार के दौरे से एक दिन पहले है। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है और नवंबर में चुनाव होने की संभावना है।

### झारखंड में दशहरे के मौके पर कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना

**रांची :** झारखंड में दशहरे के मौके पर राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में दो अक्टूबर से तीन अक्टूबर तक 7-11 मिमी बारिश की संभावना है। अधिकारी ने बताया कि राज्य में तीन अक्टूबर तक हल्की से मध्यम बारिश का भी अनुमान जताया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह 8.30 बजे तक 24 घंटे में पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया में राज्य में सबसे अधिक 38.2 मिमी बारिश हुई। झारखंड का गोड्डा सबसे गर्म स्थान रहा, जहां तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लातेहार में सबसे कम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, राज्य में एक जून से इस मानसून में 1,199.1 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्य बारिश 1,013.3 मिमी होती है, जो 18 प्रतिशत अधिक है।

### मथुरा में महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने मुठभेड़ के बाद अपराधी को गिरफ्तार किया

**मथुरा (उप्र) :** उत्तर प्रदेश में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति-5' अभियान के तहत मथुरा जिले की महिला पुलिस टीम ने एक वांछित आरोपी को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। इस अभियान का नेतृत्व कर रहीं नगर की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशना चौधरी ने बताया कि शनिवार शाम पता चला कि थाना जैंत क्षेत्र में लूट, चोरी और डकैती की कई वारदातों में वांछित आरोपी राकेश देखा गया है तथा वह पुन: किसी नयी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। उन्होंने बताया कि सरकार के 'मिशन शक्ति अभियान 5.0' की भावना को देखते हुए नारी शक्ति को सशक्त बनाने का संदेश देने के लिए महिला पुलिस अधिकारी व जवानों की टीम गठित करके उसकी घेराबंदी के प्रयास किये गए।

### झारखंड में शराब की 'तस्करी' के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (झारखंड) :** झारखंड के पलामू जिले में शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य की शराब जब्त की और इसकी तस्करी करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने शनिवार रात हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में छापा मारा और हरियाणा निर्मित शराब की 314 बोतलें बरामद कीं। हुसैनाबाद थाने के प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया, हमें सूचना मिली थी कि तस्करों ने इलाके में दो वाहनों में शराब रखी है और इसी के आधार पर हमने तलाशी अभियान चलाया। हमने पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

# त्योहारों के दौरान अराजकता फैलाने वालों को ऐसी सजा मिलेगी कि पीढ़ियां याद रखेंगी: योगी आदित्यनाथ



**बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी अराजक हरकत के ऐसे परिणाम होंगे जिन्हें आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। मुख्यमंत्री कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद यहां एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। आदित्यनाथ ने कहा, अगर कोई त्योहारों के आनंद और उत्साह के दौरान उत्पात मचाने की कोशिश करेगा, तो उसे इस उत्पात की ऐसी कीमत चुकानी पड़ेगी कि आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। उन्होंने कहा, ''कुछ लोग भारत में रहते हैं लेकिन गजवा ए हिंद का नारा लगाकर भारत के अंदर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।'' आदित्यनाथ ने कहा, गजवा-ए-हिंद हिंदुस्तान की धरती पर नहीं होने दिया जाएगा। 'गजवा-ए-हिंद' की कल्पना या उसका सपना देखना भी नर्क का रास्ता बना देगा। अगर कोई नर्क जाना चाहता है, तो वह गजवा-ए-हिंद के नाम पर अराजकता फैलाने का प्रयास करके दिखाए। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अराजकता को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, जो कोई भी कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, जो कोई भी किसी राहगीर पर हमला करेगा, जो कोई भी किसी बेटी की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की कोशिश करेगा, और... जो कोई भी त्योहारों के दौरान पत्थरबाजी करेगा, हम उसे नर्क का एकतरफा टिकट देंगे। बरेली में 26 सितंबर को हिंसक झड़प होने के बाद उन्होंने यह चेतावनी दी। जुमे की नमाज के बाद कोतवाली क्षेत्र में एक मस्जिद के बाहर 'आई लव मुहम्मद' के पोस्टर लिए भीड़ की पुलिस के साथ झड़प हुई थी।

### आत्मनिर्भर पंचायतों से ही साकार होगी विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के विकास में पंचायतों के महत्व पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि आत्मनिर्भर पंचायतें ही 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश-2047' की परिकल्पना को साकार कर सकती हैं। मुख्यमंत्री ने 'विकसित यूपी 2047' संवाद शृंखला के तहत त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने जिला व क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों एवं सदस्यों से संवाद करते हुए आह्वान किया कि पंचायतें अपनी वार्षिक कार्ययोजना में नवाचारों को बढ़ावा दें और लोककल्याण के साथ आय संवर्धन को प्राथमिकता दें।

## धर्मेंद्र प्रधान ने पटना में नीतीश कुमार से की मुलाकात



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से प्रभारी नियुक्त किए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना में मुलाकात की। प्रधान, पार्टी सहयोगी एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ एक, अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे। यह एक 'शिष्टाचार' मुलाकात थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री के करीबी सहयोगी एवं जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा भी मौजूद थे। भाजपा द्वारा हाल में नयी जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद प्रधान शुक्रवार से पटना में हैं। उसी दिन उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई पार्टी नेताओं की बैठक में भी हिस्सा लिया था।

## झारखंड में अलग-अलग सड़क हादसों में आठ साल के बच्चे समेत दो लोगों की मौत

**दुमका/चाईबासा :** झारखंड के दुमका और चाईबासा में रविवार को दो सड़क दुर्घटनाओं में आठ साल के एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में सिंहपोखरिया रेलवे स्टेशन के पास चाईबासा-जगन्नाथपुर रोड पर सुबह एक बस ने बच्चे को कुचल दिया था। चाईबासा मुफस्सिल पुलिस थाने के प्रभारी चंद्र शेखर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गुस्साए लोगों ने बच्चे के लिए मुआवजे की मांग करते हुए कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दी। उन्होंने बताया, बच्चे की पहचान कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के टांगर निवासी सुखलाल सिरका (8) के रूप में हुई है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया जबकि चालक फरार हो गया। अधिकारी ने बताया, ''बस मालिक द्वारा बच्चे के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक लाख रुपये देने के बाद स्थानीय लोग जाम हटाने पर सहमत हुए।'' एक अन्य सड़क दुर्घटना में, नरेश मरांडी नामक 55 वर्षीय व्यक्ति ट्रक की चपेट में आ गया और साहिबगंज-दुमका रोड पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में उनका बेटा भी घायल हो गया, जिसे दुमका के मसलिया स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। मसलिया थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका सदर अस्पताल भेज दिया गया है। रंजन ने कहा, ''हमने ट्रक जब्त कर लिया है और चालक को गिरफ्तार कर लिया है।''

## नीतीश ने गोपालगंज, वैशाली में 2,330 करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को गोपालगंज और वैशाली जिलों में कुल 2,330 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने गोपालगंज के सबेया हवाई अड्डा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 1,585.59 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया, इनमें से 1,295.85 करोड़ रुपये की 124 योजनाओं का शिलान्यास और 289.74 करोड़ रुपये की 61 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। बयान के मुताबिक, मीरगंज बाईपास पर 3.18 किलोमीटर लंबा दो लेन रेल ओवरब्रिज और 'एप्रोच रोड' का निर्माण 131.38 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रगति यात्रा के दौरान किए गए वादे पूरे किये जा रहे हैं।'' इसके अतिरिक्त, 126.54 करोड़ रुपये की लागत से 12.6 किलोमीटर लंबे गोपालगंज बाईपास रोड का निर्माण किया जाएगा। वैशाली जिले के 'गोरेल डिग्री कॉलेज' में मुख्यमंत्री ने 744.85 करोड़ रुपये की योजनाओं की शुरुआत की और इनमें हाजीपुर नगर परिषद क्षेत्र में 129 करोड़ रुपये की लागत से वर्षा जल की निकासी (स्टॉर्मवॉटर ड्रेनेज) प्रणाली का निर्माण प्रमुख है। ऊर्जा विभाग के तहत चार परियोजनाओं के लिए 181.78 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## हमारी सरकार ने गौ-संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाये हैं: भजनलाल शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने गौ संरक्षण और संवर्धन की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए पंजीकृत गौशाला के लिए मिलने वाले अनुदान को बढ़ाकर 50 रुपये प्रति गाय प्रतिदिन और छोटे बछड़ों के लिए 25 रुपये प्रतिदिन किया है। शर्मा डीग जिले के गुहाना स्थित श्री जड़खोर गौ-धाम में आयोजित श्री कृष्ण बलराम गौ-आराधन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार ने बजट वर्ष 2025-26 में प्रदेश के लघु एवं सीमान्त किसानों को बैलों से खेती करने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष देने का प्रावधान किया है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से पूरे देश में सनातन संस्कृति का उत्थान हो रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर एवं महाकाल कॉरिडोर का निर्माण हमारी विरासत को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इसी दिशा में हमारी सरकार ने खाटूश्याम जी मंदिर, पूंछरी का लौठा सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास के लिए बजट में प्रावधान किए हैं। साथ ही हमारी सरकार भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े स्थलों को श्रीकृष्ण गमन पथ के रूप में विकसित कर रही है।''

# दुर्गा पूजा को लेकर पूरे झारखंड में सुरक्षा बढ़ाई गई



**रांची :** दुर्गा पूजा के मद्देनज़र पूरे झारखंड में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। शहरी इलाकों के भीड़भाड़ वाले हिस्सों में ड्रोन, सीसीटीवी कैमरों और बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती कर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पांच दिनों का उत्सव शुरू हो चुका है और शनिवार से पंडालों में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। अधिकारी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर निगरानी और सड़कों पर महिलाओं की सुरक्षा, इन दो क्षेत्रों पर पुलिस खास ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों की दो कंपनी और 5000 से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। राज्य के पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक ने शनिवार को शीर्ष पुलिस अधिकारी एसएसपी राकेश रंजन, एसपी (शहर) पारस राणा और एसपी (ग्रामीण) प्रवीण पुष्कर के साथ दुर्गा पूजा से जुड़ी सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। कौशिक ने कहा, शांति बनाए रखने पर विशेष ध्यान है। संवेदनशील इलाकों की पहचान कर ली गई है और वहां अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई है।

## बलिया में दो समुदायों के बीच मारपीट में एक व्यक्ति की मौत, दूसरे पक्ष के चार लोग गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के मनियर कस्बे में दो समुदायों के दो पक्षों के बीच हुए विवाद और मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मनियर थाना क्षेत्र के उत्तर टोला वार्ड नंबर-14 में शनिवार शाम दो समुदायों से संबंधित लोगों के बीच हुए विवाद और मारपीट में मोहर्रम हासमी (40) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मनियर थाना प्रभारी कौशल पाठक ने बताया कि मृतक के भाई अरमान की तहरीर पर रजनीश, मनीष, लड्डन और मंजू देवी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत शनिवार रात मामला दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि चारों को रविवार को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इससे पहले, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि मोहर्रम हासमी नशे की हालत में अपनी मां के प्रति अपशब्द कह रहा था, जिसे सुनकर पड़ोसी भ्रमित हो गए कि वह उनकी मां को अपशब्द कह रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 15 नवंबर से पांच दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा

**चंडीगढ़ :** आध्यात्मिक ज्ञान और सांस्कृतिक जीवंतता के भव्य संगम, वार्षिक अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव (आईजीएम) का 10वां संस्करण 15 नवंबर से पांच दिसंबर तक कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य कार्यक्रम 24 नवंबर से एक दिसंबर के बीच होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'महोत्सव' का उद्देश्य विश्व को भारत की कालातीत ज्ञान परंपराओं से जोड़ना है, जिसमें 40 से अधिक देशों के विद्वान और राजदूत शामिल होंगे, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे तथा कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर कला, संगीत और विरासत का शानदार प्रदर्शन होगा। हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने शनिवार को हरियाणा राजभवन में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (केडीबी) की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें आईजीएम-2025 की तैयारियों की समीक्षा की गई। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज और कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि गीता का संदेश समस्त मानवता के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। आईजीएम-2025 के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मंच पर मजबूती से प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें तथा आने वाले विदेशी प्रतिनिधियों और अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया जाए, जिससे उन्हें हरियाणा की संस्कृति का अनूठा अनुभव प्राप्त हो सके।

## यौन उत्पीड़न के बाद छात्रा ने की आत्महत्या, पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**भदोही :** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में घर में घुसकर छात्रा से कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी युवक कथित रूप से छात्रा को अश्लील मैसेज भेजता था और उसने पीड़िता के घर में घुसकर उसका यौन उत्पीड़न भी किया था। पुलिस ने बताया कि औराई थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 54 वर्षीय एक महिला की शिकायत पर उसी गांव के निवासी विपुल दुबे (25) के खिलाफ पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के आदेश पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 (आत्महत्या के लिए मजबूर करना या उकसाना) और 351 (3) (जान से मारने की धमकी देना) के तहत शनिवार रात को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, महिला ने शिकायत में आरोप लगाया कि दुबे उसकी 21 वर्षीय बेटी का लगातार पीछा करता था और कई मोबाइल नम्बरों से अश्लील संदेश भेजता था, जिसकी वजह से उसकी बेटी ने स्कूल जाना छोड़ दिया था।

## तेजस्वी ने नीतीश की हालिया घोषणाओं पर उठाए सवाल, कहा-सरकार बताए कहां से आएगी इनके लिए राशि



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार की बजट तथा हालिया घोषणाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए रविवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता को ''गुमराह'' कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने राजद कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दावा किया, ''पिछले कुछ समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुल मिलाकर 7.08 लाख करोड़ रुपये से अधिक की घोषणाएं कर चुके हैं, जबकि राज्य की वित्तीय स्थिति इतनी बड़ी योजनाओं को संभालने में सक्षम नहीं है।'' उन्होंने दावा किया, ''बिहार का कुल बजट लगभग 3.16 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से करीब दो लाख करोड़ रुपये वेतन, पेंशन और ब्याज जैसे प्रतिबद्ध मद में ही खर्च हो जाते हैं। इससे सरकार के पास योजनाओं और विकास कार्यों के लिए केवल लगभग 1.16 लाख करोड़ रुपये बचते हैं। ऐसे में ये घोषणाएं केवल जनता को भ्रमित करने और चुनावी माहौल बनाने का तरीका हैं।''

# विदेश की खबरें

## दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत, नयी व्यापार व्यवस्थाएं उभरेंगी: जयशंकर



**न्यूयॉर्क :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया को बड़े पैमाने पर वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद नयी व्यापार व्यवस्थाएं उभरकर सामने आएंगी। जयशंकर ने वैश्विक समीकरणों में बदलाव के बीच आर्थिक संबंधों में विविधता लाने के लिए लातिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें वार्षिक सत्र से इतर ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) के कार्यक्रम में शनिवार को कहा कि अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। जयशंकर ने कहा, दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। हम नयी व्यापार व्यवस्थाएं, प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी और कार्यस्थल मॉडल देखेंगे, जो कम समय में वैश्विक परिदृश्य को बहुत अलग बना देंगे। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही लातिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के साथ संपर्क में है, तथा वह व्यापार एवं साझेदारी को और आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे अशांत माहौल में, खासतौर पर बड़े देशों के लिए, अधिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के वास्ते क्षमता निर्माण करना अहम है। उन्होंने कहा, आज भारत में इस पर बहुत अधिक ध्यान दिया जा रहा है। प्रौद्योगिकी, आत्मनिर्भरता, बहुध्रुवीयता और दक्षिण-दक्षिण सहयोग, सभी एक ही पहलू हैं।

## भारत-अमेरिका संबंध नयी दिल्ली-मॉस्को के बीच संबंधों के लिए मापदंड नहीं: रूस के विदेश मंत्री लावरोव



**संयुक्त राष्ट्र :** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि मॉस्को, भारत के राष्ट्रीय हितों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनाई जा रही स्वतंत्र विदेश नीति का पूरा सम्मान करता है। लावरोव ने यह भी कहा कि अमेरिका या किसी अन्य देश के साथ नयी दिल्ली के संबंध भारत-रूस संबंधों के लिए मानक नहीं हो सकते। उच्च-स्तरीय आम चर्चा में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के संबोधन से कुछ समय पहले लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और रूस के बीच ''विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी'' है। उन्होंने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका या किसी अन्य देश के साथ नयी दिल्ली की स्थितियों को वह भारत और रूस के बीच संबंधों का मानदंड नहीं मान सकते। लावरोव से पूछा गया था कि अमेरिका द्वारा विभिन्न देशों पर रूसी तेल की खरीद कम करने के दबाव के बावजूद भारत वहां से तेल का आयात जारी रख रहा है, इस परिप्रेक्ष्य में मॉस्को, नयी दिल्ली के साथ अपने संबंधों को किस प्रकार देखता है।

## न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आयुर्वेद दिवस मनाया




**न्यूयॉर्क :** भारतीय मिशन ने यहां प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में पोषण पर केंद्रित एक पैनल चर्चा का आयोजन कर 10वां आयुर्वेद दिवस मनाया। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पैनल चर्चा में इस बात पर जोर दिया गया कि कैसे आयुर्वेद के सिद्धांत संतुलित पोषण, समग्र स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण में मददगार साबित होते हैं। हर साल 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष के आयुर्वेद दिवस का विषय 'आयुर्वेद फॉर पीपुल एंड प्लेनेट' था। महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने अमेरिका में आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता और इसके समग्र दृष्टिकोण में बढ़ती रुचि का उल्लेख किया।

# इजराइल और हमास के बीच युद्ध में 66,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए



**काहिरा :** इजराइल और हमास के बीच लगभग तीन साल से जारी युद्ध में 66,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। गाजा पट्टी में इजराइली सेना का आक्रमण जारी है, जबकि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू वाशिंगटन में हैं और उनकी सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने की योजना है। नेतन्याहू पर युद्ध समाप्त करने के लिए काफी अंतरराष्ट्रीय दबाव है। इजराइली आपत्तियों के बावजूद, प्रमुख पश्चिमी सहयोगी देश फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने वाले देशों की बढ़ती सूची में शामिल हो गए हैं। यूरोपीय संघ इजराइल के विरुद्ध प्रतिबंधों पर विचार कर रहा है तथा इजराइल के खिलाफ खेल एवं सांस्कृतिक बहिष्कार के लिए भी प्रयास बढ़ रहे हैं। मंत्रालय ने अपनी दैनिक रिपोर्ट में बताया कि सात अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमास के हमले के बाद दोनों पक्षों में छिड़े युद्ध में मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 66,005 हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल-हमास युद्ध में अब तक 1,68,162 फलस्तीनी घायल हुए हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### प्रशिक्षण विमान रनवे से फिसला; प्रशिक्षु पायलट सुरक्षित

**अमरेली (गुजरात) :** गुजरात के अमरेली हवाई अड्डे पर उतरने के दौरान रविवार दोपहर एक प्रशिक्षण विमान रनवे से फिसल गया, हालांकि प्रशिक्षु पायलट को कोई चोट नहीं आई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमरेली के कलेक्टर विकल्प भारद्वाज ने बताया कि एक सीट वाला यह छोटा विमान एक निजी विमानन संस्थान का था। भारद्वाज ने कहा, हवाई अड्डे पर उतरने के दौरान प्रशिक्षण विमान रनवे से फिसल गया। विमान को कुछ नुकसान पहुंचा, लेकिन प्रशिक्षु पायलट सुरक्षित है। नागरिक उड्डयन अधिकारी इस घटना की जांच करेंगे। इस वर्ष अप्रैल में एक प्रशिक्षु पायलट की उस समय मृत्यु हो गई थी, जब एक प्रशिक्षण विमान हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद अमरेली शहर के निकट एक आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।


### असम में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार डकैत ढेर

**ग्वालपाड़ा (असम) :** असम के ग्वालपाड़ा ज़िले में रविवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार डकैत ढेर हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना रविवार तड़के धिलाडुबी इलाके में हुई। ग्वालपाड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत महंत ने कहा, ''हमें पिछले कुछ दिन से मेघालय से लगी अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित इस इलाके में एक सशस्त्र आपराधिक गिरोह की मौजूदगी की सूचना मिल रही थी। हम तलाश अभियान संचालित कर रहे थे।'' उन्होंने बताया कि सुबह एक गुप्त सूचना मिली थी कि गिरोह अपहरण या अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करेगा, लिहाजा पुलिस ने समन्वित जांच चौकियां स्थापित कीं। महंत ने कहा, '' कार में सवार अपराधियों ने धिलाडुबी इलाके में हमारी एक जांच चौकी देखी। उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन कार वापस नहीं मोड़ सके। उन्होंने हमारी टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की।''

### गोवा के कुछ हिस्सों में भारी बारिश; आईएमडी ने एक अक्टूबर तक 'येलो अलर्ट' जारी किया

**पणजी :** गोवा की राजधानी पणजी सहित राज्य के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश हुई। वहीं, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य में एक अक्टूबर तक चार दिनों के लिए भारी बारिश का अनुमान जताते हुए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। आईएमडी ने पूर्वानुमान जताते हुए कहा कि मौसम तूफानी रहेगा और हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है, जबकि तटीय इलाकों में हवा की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती है। विभाग ने मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी है। गोवा में शुक्रवार से ही बारिश हो रही है। शनिवार को पणजी समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। आईएमडी के अनुसार, राज्य में इस मानसून के मौसम में अब तक 3,003.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। दक्षिण गोवा के धारबांदोड़ा तालुका में सबसे अधिक 4048.9 मिलीमीटर बारिश हुई है, इसके बाद दक्षिण गोवा के सांगे में 4027.2 मिलीमीटर बारिश हुई है। दोनों तालुका राज्य में सह्याद्री पर्वत श्रृंखलाओं के पास स्थित हैं।

# अमित शाह ने नक्सलियों के संघर्ष विराम प्रस्ताव को ठुकराया, हथियार डालने को कहा



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को माओवादियों द्वारा दिए गए संघर्ष विराम के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि अगर चरमपंथी हथियार डालकर आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, तो उनका स्वागत है और सुरक्षा बल उन पर एक भी गोली नहीं चलाएंगे। शाह ने कहा, हाल ही में भ्रम फैलाने के लिए एक पत्र लिखा गया, जिसमें कहा गया कि अब तक जो कुछ हुआ है वह एक गलती है, युद्ध विराम घोषित किया जाना चाहिए और हम (नक्सली) आत्मसमर्पण करना चाहते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि कोई संघर्षविराम नहीं होगा। अगर आप आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, तो संघर्षविराम की कोई जरूरत नहीं है। हथियार डाल दें, एक भी गोली नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि यदि नक्सली आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, तो उनके लिए लाभदायक पुनर्वास नीति के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। 'नक्सल मुक्त भारत' पर आयोजित संगोष्ठी के समापन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने वामपंथी उग्रवाद को वैचारिक समर्थन देने के लिए वामपंथी दलों पर निशाना साधा और उनके इस तर्क को खारिज कर दिया कि विकास की कमी के कारण माओवादी हिंसा हुई। उन्होंने कहा कि यह लाल आतंक के कारण ही था कि कई दशकों तक देश के कई हिस्सों में विकास नहीं हो सका।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ कांकेर और गरियाबंद जिलों की सीमा पर स्थित एक वनक्षेत्र में हुई, जहां सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम सुबह नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में कांकेर और गरियाबंद से राज्य पुलिस की एक इकाई, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवान शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि अब भी रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से अब तक तीन नक्सलियों के शव और तीन हथियार बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों में माओवादियों के एरिया कमेटी के सदस्य भी शामिल हैं।

## भारत में जन्मे चीतों में कूनो नेशनल पार्क का एक शावक सोमवार को हो जाएगा वयस्क

**भोपाल :** भारत में पैदा हुए 16 चीतों में से एक सोमवार को मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में वयस्क हो जाएगा। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी और कहा कि इससे साबित होता है कि तीन साल पहले चीतों को पुनः बसाने के प्रयासों को बल मिल रहा है। प्रोजेक्ट चीता के निदेशक उत्तम कुमार शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''29 मार्च, 2023 को नामीबियाई चीता ज्वाला से पैदा हुई मादा शावक मुखी सोमवार को वयस्क हो जाएगी।

वह 915 दिन या 30 महीने की हो जाएगी। भारत में चीतों की संख्या बढ़ाने में योगदान देने के लिए वह तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा, ज्वाला ने जिन चार शावकों को जन्म दिया था, उनमें से तीन की मौत भीषण गर्मी के कारण हो गई थी लेकिन मुखी बच गई। उसकी हालत अब अच्छी हो गई। आज हमारे प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा चीता परियोजना के तहत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाकर 20 चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए थे। इनमें नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर 2022 को अपने जन्मदिन के अवसर पर कूनो के बाड़ों में छोड़ा था।

इसके बाद फरवरी 2023 में 12 चीते दक्षिण अफ्रीका से लाए गए थे। शर्मा ने कहा कि वर्तमान में भारत में 27 चीते हैं, जिनमें से 16 देश में पैदा हुए हैं और इनमें से 24 कूनो में और तीन गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में हैं। उन्होंने पुष्टि की कि परियोजना शुरू होने के बाद से 19 चीतों की मौत विभिन्न कारणों से हुई है, जबकि कूनो में अब तक कुल 26 शावक पैदा हुए हैं। प्रोजेक्ट चीता के तीन साल बाद भारत में अब शुरुआती संख्या की तुलना में सात चीतों की वृद्धि हुई है।

# लेह शहर में पांचवें दिन भी कर्फ्यू जारी



**लेह :** हिंसा प्रभावित लेह शहर में रविवार को लगातार पांचवें दिन भी कर्फ्यू जारी रहा। उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता प्रतिबंधों में ढील देने के बारे में फैसला लेने के लिए समीक्षा बैठक करने वाले हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) द्वारा आहूत बंद के दौरान व्यापक विरोध के बाद बुधवार शाम को कर्फ्यू लगा दिया गया था। लेह शहर में शनिवार को कर्फ्यू में पहली बार चरणबद्ध तरीके से चार घंटे की ढील दी गई और जो शांतिपूर्ण रही। बुधवार को हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए जबकि दंगों में संलिप्तता के आरोप में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को भी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया और उन्हें राजस्थान की जोधपुर जेल में रखा गया। एक अधिकारी ने कहा, ''स्थिति सामान्य रही और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। उपराज्यपाल जल्द राजभवन में एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे और दिन के दौरान प्रतिबंधों में ढील देने पर निर्णय लिया जाएगा।'' उन्होंने बताया कि लेह में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहीं, जबकि करगिल सहित केंद्र शासित प्रदेश के अन्य प्रमुख हिस्सों में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंधात्मक आदेश भी लागू रहे।

# भारी बारिश के बीच मराठवाड़ा में 11,500 से अधिक लोगों को निकाला गया; धाराशिव में दो की मौत



**छत्रपति संभाजीनगर :** मध्य महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में भारी बारिश के बाद रविवार को 11,500 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें क्षेत्र के जयकवाड़ी बांध में और अधिक पानी आने की उम्मीद है। क्षेत्र के धाराशिव जिले में बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण दो लोगों की मौत हो गई है। क्षेत्र में छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड, लातूर, नांदेड़, हिंगोली और परभणी जिले भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जयकवाड़ी बांध से पानी छोड़े जाने के कारण गोदावरी नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद, विशेषकर छत्रपति संभाजीनगर और नांदेड़ जिलों में स्थिति गंभीर हो गई है, जिसके कारण नदी के किनारों और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को स्थानांतरित करना पड़ा है। एक अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र के सबसे बड़े जलाशय जयकवाड़ी से जल प्रवाह 2.26 लाख क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) तक पहुंचने के बाद छत्रपति संभाजीनगर के पैठण कस्बे में 7,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। राजस्व विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि इन लोगों को वडाली, नयागांव, मेयगांव, नवगांव, आपेगांव, कुरान पिंपरी, नवगांव, हीरादपुरी और अंबाद टाकली गांवों से स्थानांतरित किया गया। उन्होंने कहा कि जयकवाड़ी बांध के सभी 27 फाटक, जिनमें नौ आपातकालीन फाटक भी शामिल हैं, आठ फुट की ऊंचाई तक खोल दिए गए हैं। जलाशय में भंडारण 98.07 प्रतिशत तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि स्थिति और भी खराब हो सकती है, क्योंकि गोदावरी नदी के ऊपरी हिस्से में स्थित नासिक जिले में भारी बारिश हो रही है और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 'रेड अलर्ट' घोषित किया है।

# भाषाई विविधता के बावजूद धर्म ने भारत को एक रखा : उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन



प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मुलाकात की

**पटना :** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत की असली ताकत ''धर्म'' की वह अवधारणा है, जिसने भाषाई विविधता के बावजूद देश को एक सूत्र में पिरोए रखा है। राधाकृष्णन ने यह बात पटना में साहित्य अकादमी और केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव 'उन्मेष' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। राधाकृष्णन ने कहा, ''यूरोप के एक महानुभाव ने मुझसे पूछा कि भारत बिना किसी एक भाषा के कैसे एकजुट रह पाता है। मैंने उत्तर दिया कि यहां के लोग भले ही अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं, लेकिन वे धर्म की अवधारणा के माध्यम से एकजुट रहते हैं।'' उन्होंने इस धारणा को भी खारिज किया कि लोकतंत्र एक पश्चिमी अवधारणा है, और कहा कि 2,500 साल पहले, बिहार की इस भूमि ने एक ओर शक्तिशाली मौर्य साम्राज्य को देखा और दूसरी ओर प्राचीन गणराज्य वैशाली का जन्मस्थान भी बना।'' उपराष्ट्रपति ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, '' 'उन्मेष' नए विचारों, आख्यानों और दृष्टिकोणों के जागरण का प्रतीक है, जो विचारों में विविधता का उत्सव मनाता है और भाषा, संस्कृति, भूगोल और विचारधारा के बीच की खाई को पाटता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उन्मेष साहित्यिक संस्कृति का आधार बना रहेगा और लेखकों, विचारकों और पाठकों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में भी विस्तार से बात की, जहां प्राचीन काल में भगवान बुद्ध और महावीर द्वारा आध्यात्मिक पुनर्जागरण हुआ था और नालंदा एवं विक्रमशिला में शिक्षा के केंद्र थे,जहां दूर-दूर से विद्वान आते थे। उपराष्ट्रपति ने महात्मा गांधी के नेतृत्व वाले 'चंपारण सत्याग्रह' को भी याद किया और राज्य की लोक संस्कृति की सराहना की, जो मधुबनी चित्रकला और छठ पर्व में परिलक्षित होती है। उपराष्ट्रपति बनने के बाद राधाकृष्णन का यह बिहार का पहला दौरा था। पटना हवाई अड्डे पर उनका स्वागत राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया।

## असम पुलिस ने 24 बांग्लादेशियों को पकड़ा, वापस भेजा : हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में कछार जिले में 24 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है और उन्हें पड़ोसी देश वापस भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि असम घुसपैठियों की पहचान करना और उन्हें वापस भेजना जारी रहेगा। शर्मा ने शनिवार रात 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, असम हमेशा उन भटके हुए यात्रियों की सेवा में तत्पर रहता है, जो हमारे राज्य को अपना राज्य समझने की भूल करते हैं और हम उन्हें तुरंत उनकी मातृभूमि बांग्लादेश वापस भेज देंगे। एक हिंदी गीत की पंक्तियों को दोहराते हुए उन्होंने लिखा, घर लौट जा परदेसी, तेरा देश तुझे पुकारे रे। उन्होंने लिखा, गुमशुदा यात्रियों, अलविदा हाल के महीनों में लगभग 500 कथित अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को असम से पड़ोसी देश वापस भेजा गया है। शर्मा ने दावा किया कि राज्य सरकार घुसपैठ मुक्त असम के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक सप्ताह कम से कम 35-40 लोगों को वापस भेजा जा रहा है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पिछले वर्ष पड़ोसी देश में अशांति शुरू होने के बाद से पूर्वोत्तर में भारत-बांग्लादेश सीमा पर भी अपनी चौकसी बढ़ा दी है।

## जुबिन गर्ग के परिवार ने असम सीआईडी में दर्ज कराई शिकायत, मौत मामले की जांच की मांग

**गुवाहाटी :** असम के लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग के परिवार ने सिंगापुर में डूबने से हुई गर्ग की मौत के संबंध में राज्य के अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) में शिकायत दर्ज कराई है और घटना की गहन जांच की मांग की है। गर्ग के करीबी रिश्तेदार मनोज कुमार बोरठाकुर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्होंने शनिवार को ईमेल के जरिए सीआईडी को शिकायत भेजी। उन्होंने कहा, ''हम उनकी मौत का कारण बनीं परिस्थितियों की गहन जांच चाहते हैं।'' शिकायत पर हस्ताक्षर करने वालों में मनोज के अलावा गर्ग की पत्नी गरिमा और उनकी बहन पाल्मे बोरठाकुर भी शामिल हैं। गर्ग के परिवार के एक अन्य सदस्य ने कहा, ''हमने उस नौका यात्रा में मौजूद लोगों, जिसमें यह घातक घटना घटी, पूर्वोत्तर भारत महोत्सव के आयोजक श्यामकानु महंत और उन अन्य लोगों के खिलाफ जांच की मांग की है जो इस घटना से जुड़े हो सकते हैं।'' गर्ग महोत्सव में भाग लेने के लिए दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में थे और 19 सितंबर को सिंगापुर असम संघ के सदस्यों द्वारा आयोजित नौका यात्रा के दौरान समुद्र में बिना लाइफ जैकेट के तैरते समय डूब गए थे। गायक के परिवार ने पुलिस से गर्ग की रचनात्मक कृतियों के कॉपीराइट सुरक्षित करने के लिए कदम उठाने का भी आग्रह किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हमें गर्ग के परिवार से शिकायत मिली है और हम उस पर गौर कर रहे हैं।''

## छात्राओं का यौन शोषण करने का आरोपी स्वयंभू धर्मगुरु चैतन्यानंद सरस्वती आगरा से पकड़ा गया



**नयी दिल्ली :** दिल्ली के एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं का यौन शोषण करने का आरोपी स्वयंभू धर्मगुरु चैतन्यानंद सरस्वती रविवार तड़के उत्तर प्रदेश के आगरा से पकड़ा गया। दिल्ली पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सरस्वती (62) को आगरा में ढूंढ़ निकाला। आगरा में वह एक होटल में ठहरा हुआ था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सरस्वती को पकड़ने के लिए कई टीम गठित की गई थीं। सूचना के आधार पर हमने आगरा के ताजगंज इलाके के एक होटल में उसका पता लगाया और रविवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे उसे वहीं से पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद वह चार अगस्त को दिल्ली से फरार हो गया था।

## मिजोरम की सबसे बुजुर्ग महिला लालनेइहसांगी का 108 वर्ष की आयु में निधन



**आइजोल :** मिजोरम की सबसे बुजुर्ग महिला लालनेइहसांगी का वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 108 वर्ष की थीं। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। महिला के परिवार ने बताया कि शनिवार शाम करीब सात बजकर 55 मिनट पर आइज़ोल के 'एबेनेजर मेडिकल सेंटर' में उनका निधन हो गया। अंतिम संस्कार रविवार अपराह्न करीब एक बजे आइजोल के खटला मोहल्ले में उनके आवास पर किया जाएगा। लालनेइहसांगी को स्थानीय लोग प्यार से 'पी बुआंगी' कहते थे। उन्हें 13 सितंबर को समाज कल्याण मंत्री लालरिनपुई ने मिजोरम की सबसे बुजुर्ग महिला घोषित किया था। आइजोल के वेंघलुई इलाके में जन्मी और पली-बढ़ी लालनेइहसांगी 14 अप्रैल को 108 वर्ष की हो गईं। उन्होंने कोलकाता के बेहाला गर्ल्स होम में काम किया था, जिसके कारण उन्होंने पुनर्वास केंद्र में काम करने वाली मिजो समुदाय की पहली महिला होने का गौरव हासिल किया। समाज में उनके योगदान के लिए उन्हें 2022 में 'वुमेन ऑफ सब्सटेंस' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## बांद्रा-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस के डिब्बे एक घंटे के भीतर दो बार अलग हुए, यात्री सुरक्षित

**मुंबई :** महाराष्ट्र और गुजरात में रविवार को एक घंटे के भीतर बांद्रा टर्मिनस से अमृतसर जाने वाली पश्चिम एक्सप्रेस के डिब्बों के अलग होने की दो घटनाएं सामने आईं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

अधिकारियों ने कहा कि पहली घटना दोपहर 1:19 बजे वनगांव और दहानू स्टेशनों के बीच और दूसरी घटना दोपहर लगभग 2:10 बजे गुजरात के संजन स्टेशन पर हुई। पश्चिम रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं पहुंची और ना ही उन्हें असुविधा हुई है। उन्होंने कहा कि समग्र ट्रेन संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। शुरुआत में डिब्बों को फिर से जोड़ने के लिए ट्रेन को लगभग 25 मिनट तक रोका गया, उसके बाद लगभग दोपहर 1:46 बजे इसे आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि संजन स्टेशन पर ट्रेन का डिब्बा फिर से अलग हो गया।

उन्होंने आगे बताया कि वलसाड से कैरिज एंड वैगन (सीएंडडब्ल्यू) कर्मचारियों को मौके पर सहायता के लिए भेजा गया और दोपहर 3:15 बजे मदद के लिए वलसाड से एक लोकोमोटिव इंजन घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। अलग हुए डिब्बों की संख्या और घटना के कारणों का विवरण अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

# उत्तराखंड सरकार परीक्षा में नकल को लेकर सख्त, एसआईटी कर रही प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच: धामी



**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में देश का सबसे कठोर नकल-रोधी कानून लागू किया और नकल माफिया से जुड़े 100 से अधिक लोगों को जेल भेजा। धामी ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा, ''हमने एक कड़ा नकल-रोधी कानून बनाया। हमने नकल माफियाओं से जुड़े 100 से अधिक लोगों को जेल भेजा। हमने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से 25,000 पात्र उम्मीदवारों को सरकारी विभागों में नौकरियां दीं। हमने राज्य में पहली बार भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया। ये कदम हमारी मंशा को दर्शाते हैं।'' इस महीने की शुरुआत में आयोजित स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक और नकल के आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए, धामी ने कहा कि मामले की जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, ''इसके निष्कर्षों का इंतजार करें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगर आरोप सही हैं, तो इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।'' जब उन्हें बताया गया कि छात्रों का एक वर्ग इस मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहा है, तो मुख्यमंत्री ने कहा कि वह छात्रों के हित में इस मामले में किसी भी जांच का आदेश देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ''छात्रों का हित मेरे लिए सर्वोपरि है और मैं किसी भी जांच के लिए तैयार हूं। मैं सीबीआई जांच के खिलाफ नहीं हूं। हालांकि, फिलहाल एसआईटी इसकी जांच कर रही है और हमें उसके निष्कर्ष का इंतजार करना चाहिए।''

# करूर में जश्न के मातम में बदलने की कहानी बयां कर रहे चप्पलों के ढेर व टूटे खंभे



**करूर (तमिलनाडु) :** बिखरी पड़ी चप्पलें, पिचकी हुई पानी की बोतलें, टूटे खंभे और बिखरे कागज-उस भयानक पल की गवाही दे रहे थे, जिसने कई जिंदगियों को निगल लिया और जश्न को मातम में बदल दिया। सुबह की सैर पर निकले लोग और दूध-सब्जी लेने निकले राहगीर जब तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय की बीती रात हुई रैली के स्थल से गुजरे तो वहां पसरे सन्नाटे और बिखरे सामान को देखकर स्तब्ध रह गए। कोई समझ नहीं पा रहा था कि आखिर रात में ऐसा क्या हुआ जिसने यह भयावह दृश्य अपने पीछे छोड़ दिया। पुलिस ने घटनास्थल को 'कृपया पार न करें' चेतावनी वाली टेप से घेर कर आम लोगों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया है। जिन्होंने रात को टीवी नहीं देखा या जल्दी सो गए, वे लोग सुबह यह जानकर स्तब्ध रह गए कि इस कार्यक्रम में भगदड़ के कारण 38 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। जब कुछ वीडियोग्राफर भगदड़ वाली जगह की रिकॉर्डिंग कर रहे थे तो वहां मौजूद कुछ बुजुर्ग अविश्वास भरी निगाहों से वहां मौजूद छाया पत्रकारों से पूछते नजर आए, क्या वाकई यहां भगदड़ हुई थी?'' जहां एक ओर घटनास्थल पर एक ऊंचे खंभे पर टीवीके का झंडा अब भी लहरा रहा है, वहीं दूसरी ओर जगह-जगह स्पीकर के बड़े-बड़े डिब्बे मेगा लाइट और फटे पोस्टर जैसी प्रचार सामग्री के ढेर पड़े हैं। इस दर्दनाक घटना के बीच टीवीके के कार्यकर्ता और पदाधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं- कोई भी यह कहने को तैयार नहीं कि आखिर उनकी योजना में चूक कहां हो गई। भगदड़ में किसी तरह जान बचाकर निकाले युवक ने दावा किया, ''जब एक साथ सैकड़ों लोग जान बचाने की कोशिश में भाग रहे थे तो कई लोगों को धक्का लगा और वे सड़क किनारे नाले में गए।'' उन्होंने कहा कि जो पल उनके चहेते सितारे का स्वागत करने के जश्न के रूप में शुरू हुआ था, वह एक भयावह त्रासदी में बदल गया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''जब प्रशंसक विजय का नाम लेकर नारे लगा रहे थे, तब कई लोगों को यह एहसास तक नहीं हुआ कि वहां भगदड़ मच गई और कई लोग नीचे गिर पड़े हैं। जैसे ही कुछ लोगों के पैर नीचे गिरे लोगों पर पड़े वे भी लड़खड़ाकर गिर गए।'' भगदड़ के कारणों को लेकर कई लोगों के अपने-अपने दावे हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि क्या गड़बड़ हुई; क्या आयोजन के गलत स्थान के चयन की वजह से यह सब हुआ या फिर भीड़ के बेकाबू हो जाने से।

## करूर में विजय की रैली के लिए करीब 500 पुलिसकर्मी तैनात थे : एडीजीपी

**करूर :** तमिलनाडु के एडीजीपी (कानून व्यवस्था) एस डेविडसन देवसिरवथम ने रविवार को कहा कि अभिनेता से नेता बने विजय की करूर में आयोजित रैली के लिए लगभग 500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, जहां भगदड़ मचने से 40 लोगों की जान चली गई थी। प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों का हवाला देते हुए, उन्होंने एक वर्ग के इस दावे का खंडन किया कि रैली के दौरान पथराव हुआ था। जिलाधिकारी एम थंगावेल के साथ पत्रकारों को जानकारी देते हुए शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा, ''टीवीके द्वारा 23 सितंबर को प्रस्तुत पहली याचिका में, उन्होंने अपने नेता के भाषण के लिए प्रकाशस्तंभ युक्त चौराहा स्थल की अनुमति मांगी थी। लेकिन इसे अस्वीकार कर दिया गया, क्योंकि यह एक उच्च जोखिम वाली जगह है और अगर वहां काफी भीड़ होगी, तो सभा आयोजित करना मुश्किल होगा।

# तिलक वर्मा के बल्ले से हुआ भारत का 'विजय तिलक'

## पाकिस्तान को हराकर जीता एशिया कप



**दुबई :** तिलक वर्मा के नाबाद अर्धशतक और कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने रविवार को पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर नौवीं बार एशिया कप खिताब जीत लिया। रोमांचक फाइनल में भारत ने 147 रन का लक्ष्य चार गेंद शेष रहते हासिल किया। भारत की शुरुआत खराब रही और पांच ओवर के भीतर तीन विकेट मात्र 20 रन पर गिर गए। लेकिन तिलक वर्मा (53 गेंद में नाबाद 69 रन) ने संकटमोचक की भूमिका निभाते हुए पारी को संभाला। संजू सैमसन (24) और शिवम दुबे (21 गेंद में 33 रन) ने भी अहम योगदान दिया। अंतिम ओवर में 10 रन की दरकार थी। हारिस रऊफ की दूसरी गेंद पर तिलक ने छक्का जड़ा जबकि चौथी गेंद पर रिंकू सिंह ने चौका मारकर भारत को जीत दिलाई। इससे पहले कुलदीप यादव (30 रन पर 4 विकेट) की अगुआई में भारतीय स्पिनरों ने पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 146 रन पर समेट दिया। अक्षर पटेल (26 रन पर 2 विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (30 रन पर 2 विकेट) ने उनका अच्छा साथ दिया। पाकिस्तान के लिए साहिबजादा फरहान (57) और फखर जमां (46) ने तेज शुरुआत दिलाई और 10वें ओवर तक स्कोर 84 रन पहुंचा दिया, लेकिन इसके बाद पूरी पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। जसप्रीत बुमराह ने 3.1 ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने बीसवें ओवर की पहली गेंद पर हारिस रऊफ को बोल्ड कर विमान गिराने जैसे इशारे से जश्न मनाया। रऊफ ने पिछले मैच में भारतीय प्रशंसकों को भड़काऊ इशारे किये थे। भारत की जीत में निर्णायक क्षण 15वां ओवर रहा, जब भारतीय बल्लेबाजों ने रऊफ की गेंदों पर 17 रन बटोरे। सुपर-4 चरण में रऊफ के उकसावे के बावजूद भारतीय बल्लेबाजों ने दबाव नहीं लिया। तिलक ने सैमसन के साथ 57 और दुबे के साथ 64 रन की साझेदारी की। हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय टीम ने बेखौफ क्रिकेट खेला। कोच गौतम गंभीर की रणनीति और सूर्यकुमार यादव की कप्तानी ने खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरा। इस जीत के साथ भारत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बड़े मंच पर उसका दबदबा कायम है।

## भारत और सह मेजबान श्रीलंका महिला विश्व कप के पहले मैच के लिए गुवाहाटी पहुंचे

**गुवाहाटी :** महिला वनडे विश्व कप की सह मेजबान टीमें भारत और श्रीलंका टूर्नामेंट के पहले मैच के लिए रविवार को यहां पहुंच गईं। दोनों टीमों के बीच टूर्नामेंट का शुरूआती मैच मंगलवार को एसीए बरसापारा स्टेडियम में खेला जाएगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम बेंगलुरु में अभ्यास मैच खत्म करने के बाद शाम को यहां पहुंची। भारत को अभ्यास मैच में पांच बार की चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ 153 रन से हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद टीम ने शनिवार को अंतिम अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट से जीत हासिल की। चामरी अटापट्टू की अगुवाई वाली श्रीलंकाई टीम दोपहर यहां पहुंची। टीम सोमवार से दोपहर ट्रेनिंग शुरू करेगी जबकि शाम को भारत नेट पर अभ्यास करेगा।

## जुबीन को समर्पित महिला वनडे विश्व कप का उद्घाटन समारोह, कोई जश्न नहीं

**गुवाहाटी :** किसी और दिन दुर्गापूजा उत्सव और क्रिकेट विश्व कप का उद्घाटन समारोह यहां के लोगों के लिये दोहरी खुशियां लेकर आता लेकिन असम के लोग अभी अपने चहेते सपूत गायक जुबीन गर्ग के निधन के सदमे से उबर नहीं सके हैं। दुर्गापूजा शुरू हो चुकी है और महिला विश्व कप का पहला मैच दो दिन बाद है जिसमें भारतीय टीम खेल रही है , इसके बावजूद यहां सन्नाटा पसरा है। जुबीन के निधन के एक सप्ताह बाद भी लोग शोक में डूबे हैं। जुबीन (52 वर्ष) का 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में डूबने से निधन हो गया था। पिछले तीन दशक से संगीत के जरिये असम की आवाज बने 'जुबीन दा' के बारे में ही लोग बातें कर रहे हैं जिन्होंने 40 भाषाओं में 38000 से अधिक गीत गाये थे।

## बीसीसीआई एजीएम में निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए मिथुन मन्हास




**मुंबई :** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास को रविवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में उसकी 94वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया जबकि बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया सहित अन्य सदस्य भी निर्विरोध चुने गए। मन्हास (45 वर्ष) बोर्ड के 37वें अध्यक्ष बने। उन्होंने रोजर बिन्नी की जगह ली जिन्होंने पिछले महीने 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। मन्हास बिन्नी और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बाद बोर्ड के अध्यक्ष बनने वाले लगातार तीसरे प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। पूर्व ऑलराउंडर मन्हास ने 1997-98 और 2016-17 के बीच 157 प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट ए और 55 आईपीएल मैच खेले। नामांकन के अंतिम दिन से पहले 20 सितंबर को नयी दिल्ली में बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों की एक अनौपचारिक बैठक के बाद वह पद के दावेदार के रूप में उभरे थे। उन्होंने कुप्रबंधन के कारण जम्मू-कश्मीर राज्य क्रिकेट संघ (जेकेसीए) के मामलों के प्रबंधन के लिए बीसीसीआई द्वारा गठित तीन सदस्यीय तदर्थ समिति के निदेशक के रूप में भी काम किया। प्रथम श्रेणी में 27 शतक सहित 9,714 रन और लिस्ट ए में 4,126 रन बनाने वाले मन्हास ने कहा कि वह एक खिलाड़ी और प्रशासक के रूप में अपने अनुभव पर भरोसा करेंगे। मन्हास ने यहां मीडिया से कहा, ''दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं आश्वासन देता हूं कि मैं अपनी पूरी क्षमता, समर्पण और जुनून के साथ इसे निभाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।''

## श्रीहरि नटराज ने एशियाई एक्वाटिक्स में 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीते



**अहमदाबाद :** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैम्पियनशिप के पहले दिन रविवार को 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीते और चार गुणा 100 मीटर मेडली रिले टीम को कांस्य पदक दिलाने में सूत्रधार रहने के साथ इस टूर्नामेंट के एक ही सत्र में दो या अधिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय तैराक बन गए। भारत ने इस उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में 16 साल में पहली बार पदक जीता है। भारत की उदीयमान तैराक धिनिध देसिंघु हालांकि महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में पदक से चूक गई और दो मिनट 02 . 84 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही। श्रीहरि ने एक मिनट 48 . 47 सेकंड का समय निकाला और वह चीन के 17 वर्ष के शू हेइबो (एक मिनट 46 . 83 सेकंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। जापान के हिनाता एंदो को कांस्य पदक मिला। नटराज ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 25 . 46 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता।

## पाकिस्तानी नकवी के हाथ से टीम इंडिया ने नहीं ली ट्रॉफी



**नई दिल्ली :** एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को धूल चटाने के बाद टीम इंडिया ने ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया. भारतीय खिलाड़ियों ने मैच के बाद साफ कहा कि वह पाकिस्तानी मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं लेंगे. मैच के बाद करीब 2 घंटे तक ड्रामा चला जब नकवी ट्रॉफी लेकर स्टेज पर खड़े रहे. लेकिन भारतीय प्लेयर्स अड़े रहे कि वो नकवी के हाथों ट्रॉफी नहीं लेंगे. भारतीय खिलाड़ियों ने अपना रुख साफ रखा कि जब तक नकवी स्टेज से नहीं उतरेंगे तब तक वह स्टेज पर नहीं जाएंगे. आखिरकार ये फैसला हुआ कि भारतीय टीम अवॉर्ड नहीं लेगी. बता दें कि एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रेसिडेंट मोहसिन नकवी हैं, जो पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं. हैंडशेक विवाद के बाद से ही अटकलें लगाई जा रही थीं कि भारतीय प्लेयर्स किसी पाकिस्तानी के हाथ से ट्रॉफी नहीं लेंगे. क्योंकि 14 सितंबर को जब भारत और पाकिस्तान के बीच इस टूर्नामेंट का पहला मैच खेला गया था, तब भी भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ तक नहीं मिलाया था. जिसके बाद खूब ड्रामा हुआ था.

## राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप: होबलीधर ने स्वर्ण पदक जीता

**रांची :** सेना के मणिकांत होबलीधर ने रविवार को 64वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन 100 मीटर दौड़ में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। हालांकि वह इस दौरान राष्ट्रीय रिकॉर्ड से एक सेकेंड के सौंवे हिस्से से चूक गए। सेना के 24 वर्षीय धावक होबलीधर ने 10.19 सेकेंड का समय निकालकर 2023 में बेंगलुरु में बनाए गए अपने ही मीट रिकॉर्ड 10.23 सेकेंड को तोड़ दिया। होबलीधर का समय अनिमेष कुजूर के 10.18 सेकेंड के राष्ट्रीय 100 मीटर रिकॉर्ड से कम रहा। महाराष्ट्र के प्रणव गौरव 10.31 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे और सेना के हर्ष राउत ने 10.38 सेकेंड के समय से तीसरे स्थान पर रहे।

## हर्ष वर्धन बिहार क्रिकेट संघ के सबसे युवा अध्यक्ष बने



**पटना :** हर्ष वर्धन 24 साल की उम्र में रविवार को बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के इतिहास में सबसे युवा अध्यक्ष बने। हर्षवर्धन बीसीए के पूर्व अध्यक्ष राकेश तिवारी के पुत्र हैं। निर्वाचन अधिकारी एम मोदासिर (सेवानिवृत्त आईएएस) की देखरेख में चुनाव कराए गए और इनकी घोषणा की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने एक बयान में कहा, ''बिहार क्रिकेट संघ का सबसे युवा अध्यक्ष होना गर्व की बात है जो कर्तव्य की भावना के साथ आता है। मैं क्रिकेट प्रशासकों की नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता हूं। हम अपनी टीम के साथ मिलकर बिहार क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाने के लिए अथक प्रयास करेंगे। '' प्रिया कुमारी उपाध्यक्ष पद जबकि जियाउल आरेफिन सचिव पद पर कार्यरत होंगे। अभिषेक नंदन कोषाध्यक्ष और रोहित कुमार संयुक्त सचिव पद का कार्यभार संभालेंगे। रविवार को घोषित परिणामों में अन्य सभी पदाधिकारी भी निर्विरोध चुने गए।

## रुझदी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ लगातार छठा स्वर्ण जीता, भारत को दूसरे दिन कोई पदक नहीं



**नयी दिल्ली :** बुल्गारिया के रुझदी ने रविवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की पुरुष गोला फेंक एफ55 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड थ्रो के साथ लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता। चौंतीस साल के रुझदी ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 12.94 मीटर की दूरी के साथ 12.68 मीटर के अपने ही पिछले विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने पेरिस में 2023 विश्व चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में खिलाड़ी बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि उनके निचले अंग काम नहीं करते। रुझदी एक कार दुर्घटना में घायल हो गए थे जिसके कारण कमर के नीचे का उनका शरीर काम नहीं करता। उन्होंने 2015 में दोहा से विश्व चैंपियनशिप के प्रत्येक सत्र में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड प्रयास के साथ खिताब जीता। सर्बिया के नेबोसा ड्यूरिक ने 12.52 मीटर के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत जबकि स्कॉटलैंड के लेच स्टोल्टमैन ने 12.02 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सुबह के सत्र में तीन विश्व रिकॉर्ड बने।

## नेपाल ने वेस्टइंडीज को हराकर आईसीसी के पूर्ण सदस्य के खिलाफ पहली जीत दर्ज की




**शारजाह :** नेपाल ने दो बार के विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 रन से हराकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। नेपाल ने इससे पहले 2014 में अफगानिस्तान को हराया था लेकिन उस समय वह एसोसिएट सदस्य था। शनिवार का परिणाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल की अब तक की सबसे बड़ी जीत थी और यह जीत कैरेबियाई टीम के खिलाफ उनके पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और किसी पूर्ण सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला में आई। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नेपाल ने आठ विकेट पर 148 रन बनाए और फिर वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 129 रन पर रोक दिया। अकील हुसैन और जेसन होल्डर के शुरुआती झटकों से वेस्टइंडीज ने चौथे ओवर में नेपाल का स्कोर दो विकेट पर 12 रन कर दिया। कप्तान रोहित पोडेल (38) और कुशल मल्ला (30) ने 58 रन की साझेदारी करके नेपाल की पारी को संभाला लेकिन नवीन बिदाईसी ने दोनों को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। मल्ला ने दो छक्कों के साथ रन गति में इजाफा किया जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी (24) और गुलशन झा (22) ने भी उम्दा पारियां खेली। होल्डर ने 19वें ओवर में तीन विकेट चटकाए लेकिन वेस्टइंडीज ने कुछ कैच टपकाए जिससे नेपाल की टीम आठ विकेट पर 148 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में सफल रही। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। कुशल भुर्तेल ने काइल मायर्स (05) को रन आउट किया। अकीम ऑगस्टे (15) ने दो छक्कों के साथ पलटवार किया लेकिन नेपाल के स्पिनरों ने जल्द ही रन गति पर ब्रेक लगा दिया।




# भारत में व्हिस्की बिक्री में दक्षिण भारत की 58 प्रतिशत हिस्सेदारी, कर्नाटक शीर्ष पर

**नयी दिल्ली :** भारत में बनी विदेशी शराब (आईएमएफएल) की बिक्री में दक्षिणी राज्यों का दबदबा है। उद्योग निकाय सीआईएबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024-25 में देश कुल आईएमएफएल बिक्री में दक्षिण भारत की 58 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। सीआईएबीसी के अनुसार, दक्षिण भारत का आईएमएफएल बाजार पर लगभग पूरी तरह से कब्जा है, जबकि देश के बाकी हिस्से की हिस्सेदारी केवल 42 प्रतिशत है। हालांकि, पूरे देश में आईएमएफएल व्हिस्की की बिक्री में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो अब 40.17 करोड़ पेटी पर आ गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 39.62 करोड़ पेटी थी।



सीआईएबीसी के महानिदेशक अनंत एस अय्यर ने 'पीटीआई भाषा' कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही चुनाव और कुछ राज्यों की शराब नीति के कारण कमजोर रही, जिससे बिक्री धीमी रही।'' उन्होंने कहा कि वे राज्य सरकारों से लगातार संपर्क में हैं और आबकारी नीति से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर रहे हैं, क्योंकि हर साल राज्य स्तर पर कर और नीतियों में बदलाव होते हैं, जो बिक्री को प्रभावित करते हैं। आईएमएफएल में व्हिस्की, वोडका, रम, जिन और ब्रांडी शामिल हैं, जिन्हें देशी शराब और पारंपरिक पेयों से अलग माना जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक कर्नाटक ने 6.88 करोड़ पेटियों की बिक्री के साथ फिर से शीर्ष स्थान बनाए रखा, जबकि तमिलनाडु ने 6.47 करोड़ केस के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश ने लगभग नौ-नौ प्रतिशत की हिस्सेदारी दी, जबकि केरल सातवें स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया कि दक्षिण भारत में कुल मिलाकर बिक्री में लगभग एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिलचस्प बात यह है कि पुडुचेरी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 0.28 करोड़ पेटियों के साथ 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 19वें स्थान पर रहा। दक्षिणी भाग के बाद उत्तरी क्षेत्र का स्थान रहा, जिसने आईएमएफएल की बिक्री में 20 प्रतिशत का योगदान दिया, जहां उत्तर प्रदेश 2.50 करोड़ पेटियों के साथ शीर्ष पर रहा। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर, उत्तर प्रदेश छह प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ छठे स्थान पर रहा।

## इस दिवाली पर 'स्वदेशी' थीम से सजेंगे जयपुर के बाजार

**जयपुर :** जयपुर का विख्यात दीवाली उत्सव इस बार 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश देगा। इसके साथ ही गुलाबी नगरी के प्रमुख बाजारों ने इस साल दिवाली पर सजावट के लिए 'स्वदेशी थीम' अपनाने का फैसला किया है। विभिन्न व्यापार संघों का कहना है कि उनकी इस पहल का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के आह्वान के अनुरूप स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और आयातित सजावटी सामान के इस्तेमाल को हतोत्साहित करना है। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर की दिवाली की सजावट विश्वविख्यात है और दुनिया भर से पर्यटक इस मौके पर परकोटे वाले पारंपरिक बाजारों की सजावट देखने के लिए आते हैं। हालांकि व्यापारियों का कहना है कि इस बार सजावट में स्थानीय स्तर पर बने दीयों, बल्बों और सजावटी वस्तुओं के उपयोग पर जोर दिया जाएगा। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने कहा, ''डेढ़ लाख से ज्यादा व्यापारी इस बार स्वदेशी अपनाने का संदेश देने के लिए साथ आएंगे। जिस तरह रक्षाबंधन पर हमने सिर्फ स्वदेशी राखियों को बढ़ावा दिया, उसी तरह दीवाली भी भारतीय उत्पादों से ही मनाई जाएगी।'' संघ के महासचिव सुरेश सैनी ने कहा कि कुम्हार समुदाय और गौशालाओं द्वारा तैयार किए गए दीये एक लाख से ज्यादा दुकानों में बांटे जाएंगे, जिससे कारीगरों और कम आय वाले परिवारों को आजीविका के अवसर मिलेंगे। व्यापारियों ने रोशनी के इस पर्व के सामाजिक समरसता वाले पहलू पर भी जोर दिया है, जहां एमआई रोड बाजार के हिंदू और मुस्लिम समाज के दुकानदार त्योहार मिलकर मनाएंगे।

## महंगाई के नरम पड़ने से ब्याज दरों में हो सकती है 0.25 प्रतिशत की कटौती: एसबीआई शोध रिपोर्ट

**मुंबई :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती आरबीआई के लिए ''सर्वोत्तम संभावित विकल्प'' है। हालांकि कुछ अन्य विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक की दर निर्धारण समिति एक अक्टूबर को घोषित होने वाली अपनी द्विमासिक नीति में फिर से यथास्थिति बनाए रख सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) नीतिगत दर पर सोमवार को तीन दिवसीय विचार-मंथन शुरू करने वाली है। यह बैठक मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका के भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की पृष्ठभूमि में हो रही है। एमपीसी अपने फैसले की घोषणा एक अक्टूबर (बुधवार) को करेगी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति में गिरावट के बीच आरबीआई ने फरवरी से तीन किस्तों में अल्पकालिक उधारी दर रेपो को एक प्रतिशत घटाया है।

## वैश्विक, घरेलू कंपनियां खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 1.02 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगी: सरकार



**नई दिल्ली :** सरकार ने 'विश्व खाद्य भारत' शिखर सम्मेलन के दौरान 26 विदेशी और घरेलू कंपनियों के साथ समझौते किए, जिसके तहत कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय ने 25 से 28 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में इस शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। मंत्रालय ने रविवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि 'विश्व खाद्य भारत 2025' बड़े पैमाने पर निवेश प्रतिबद्धताओं के साथ संपन्न हुआ। मंत्रालय ने कहा, ''चार दिवसीय आयोजन के दौरान 26 अग्रणी घरेलू और वैश्विक कंपनियों ने कुल 1,02,046.89 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जो भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सबसे बड़ी निवेश घोषणाओं में से एक है।'' इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था और इसके पहले दिन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कहा था कि चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। मंत्रालय ने बयान में कहा, ''इन समझौता ज्ञापनों से 64,000 से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने तथा 10 लाख से अधिक व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने का अनुमान है।'' जिन कंपनियों ने समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, उनमें रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, कोका-कोला सिस्टम इन इंडिया, गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (अमूल), फेयर एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (लुलु ग्रुप), नेस्ले इंडिया, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और कार्ल्सबर्ग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

## क्या आप रसोई गैस आपूर्तिकर्ता से नाराज हैं?, 'एलपीजी पोर्टेबिलिटी' में मिलेगा कंपनी बदलने का विकल्प

**नयी दिल्ली :** क्या आप अपने रसोई गैस आपूर्तिकर्ता से नाराज हैं? अगर ऐसा है तो जल्द ही आपको राहत मिलने वाली है। मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह ही, रसोई गैस उपभोक्ताओं को जल्द ही अपने मौजूदा कनेक्शन को बदले बिना आपूर्तिकर्ता को बदलने की अनुमति मिल जाएगी। इससे उन्हें अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी। तेल नियामक पीएनजीआरबी ने 'एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी' मसौदे पर हितधारकों और उपभोक्ताओं की टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नोटिस में कहा कि ऐसी स्थितियों में जहां किसी स्थानीय वितरक को परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता है, उपभोक्ताओं के पास अक्सर सीमित विकल्प होते हैं और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसमें कहा गया, ''अन्य कारण भी हो सकते हैं, और उपभोक्ता को एलपीजी कंपनी या डीलर चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, खासकर जब सिलेंडर की कीमत समान हो।'' तत्कालीन



संप्रग सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शनों की पायलट पोर्टेबिलिटी शुरू की थी और जनवरी 2014 में इसे पूरे भारत में विस्तारित करते हुए 480 जिलों को इसमें शामिल किया था। हालांकि, उपभोक्ताओं को 2014 में केवल अपने डीलर बदलने के सीमित विकल्प दिए गए थे, तेल कंपनी नहीं। उस समय कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी कानूनी रूप से संभव नहीं थी, क्योंकि कानून के अनुसार किसी विशेष कंपनी के एलपीजी सिलेंडर को रिफिल के लिए केवल उसी कंपनी को जमा करना होता था। पीएनजीआरबी अब कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी की अनुमति देने की बात कर रहा है। नियामक ने कहा, ''पीएनजीआरबी, एलपीजी आपूर्ति की निरंतरता को मजबूत करने और उपभोक्ताओं के विश्वास की रक्षा के लिए उपभोक्ताओं, वितरकों, नागरिक समाज संगठनों और अन्य हितधारकों से ऐसे उपायों पर विचार और सुझाव आमंत्रित करता है जिनसे समय पर रिफिल की सुविधा मिल सके।'' टिप्पणियां मिलने के बाद पीएनजीआरबी एलपीजी पोर्टेबिलिटी के लिए नियम और दिशानिर्देश तैयार करेगा और देश में इसे लागू करने की तारीख तय करेगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3372 अंक 182, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in